NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance
specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 209 लखनऊ, मंगलवार 12 मार्च 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

मिशन दिव्यास्त्र के लिए डीआरडीआ के वैज्ञानिकों पर गर्व, अग्नि -5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण, पीएम मोदी ने दी बधाई

एजेंसी।
नई दिल्ली साइंस एंड स्पेस के क्षेत्र में जिस तरह से एक के बाद एक डीआरडीओ की तरफ से उपलब्धियां हासिल की जा रही है, इसको लेकर पीएम मोदी ने बधाई दी है। आज ये बड़ा दिन इसलिए है कि ये पूरी तरह से देश में बना हुआ इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री–एंट्री व्हीकल है। 2047 के विकसित भारत की ओर बढ़ने वाली दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन दिव्यास्त्र के लिए डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि मिशन दिव्यास्त्र के लिए हमारे डीआरडीओ वैज्ञानिकों पर गर्व है, मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री–एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि –5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण। साइंस एंड स्पेस के क्षेत्र में जिस तरह से एक के बाद एक डीआरडीओ की तरफ से उपलब्धियां हासिल की जा रही है, इसको लेकर पीएम मोदी ने बधाई दी है। आज ये बड़ा दिन इसलिए है कि ये पूरी तरह से देश में बना हुआ इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री–एंट्री व्हीकल है। 2047 के विकसित भारत की ओर बढ़ने वाली दिशा में एक बड़ा कदम है। अग्नि ट परमाणु ऊर्जा संचालित बैलिस्टिक मिसाइलरू भारत की अग्नि–ट मिसाइल एक परमाणु–सक्षम बैलिस्टिक हथियार है जिसकी मारक क्षमता 5,400 किलोमीटर से अधिक है। इसमें चीन और यूरोप के कुछ हिस्सों सहित एशिया भर के विभिन्न क्षेत्रों पर हमला करने की क्षमता है। विशेष रूप से, यह मिसाइल भारत के शस्त्रागार में सबसे दूर तक पहुंचने वाला हथियार होने का रिकॉर्ड रखती है। अग्नि–ट मिसाइल इस मायने में भी अद्वितीय है कि यह 5,000 किमी से अधिक की अधिकतम परिचालन सीमा पर सफलतापूर्वक लॉन्च किया जाने वाला पहला प्रक्षेप्य है।

गृह मंत्री अमित शाह 12 मार्च को हैदराबाद में भापपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे

एजेंसी।
हैदराबाद। केंद्रीय पर्यटन मंत्री एवं भाजपा की तेलंगाना इकाई के प्रमुख जी किशन रेड्डी और ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य के लक्ष्मण सहित अन्य लोग बैठक में भाग लेंगे। पिछले साल 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के बाद शाह का राज्य में यह दूसरा दौरा है। हैदराबाद। देश में होने वाले आम चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार 12 मार्च को यहां भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करेंगे। पार्टी

सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। शाह सुबह ऐतिहासिक चारमीनार स्थित भाग्यलक्ष्मी मंदिर में दर्शन और प्रार्थना करने के बाद भाजपा के सोशल मीडिया पर सक्रिय कार्यकर्ताओं और सहानुभूति रखने वालों की बैठक को भी संबोधित करेंगे। केंद्रीय पर्यटन मंत्री एवं भाजपा की तेलंगाना इकाई के प्रमुख जी किशन रेड्डी और ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य के लक्ष्मण सहित अन्य लोग बैठक में भाग लेंगे। पिछले साल 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के बाद शाह का राज्य में यह दूसरा दौरा है। पार्टी सूत्रों ने कहा था कि पिछले साल 28 दिसंबर को यात्रा के दौरान, वरिष्ठ भाजपा नेता ने आगामी लोकसभा चुनावों में तेलंगाना में पार्टी के लिए कम से कम 10 सीटें जीतने और 35 प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने का लक्ष्य रखा था। तेलंगाना में 2019 में हुये चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की 17 सीटों में से चार पर जीत हासिल की थी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों संग श्री रामलला के दर्शन किए

एजेंसी।
राजस्थान शर्मा के साथ राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष सी.पी. जोशी, जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा, राजस्थान सरकार के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, शिक्षा मंत्री दिलावर के अलावा वहां के मुख्य सचिव सुधांशु भी मौजूद रहे। अयोध्या। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों और कई प्रमुख नेताओं के साथ सोमवार को अयोध्या पहुंचकर श्री रामलला का दर्शन–पूजन कर लोक

कल्याण की कामना की। राम जन्मभूमि पर दर्शन करने के बाद भजनलाल शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, '' मुझे आज यहां अयोध्या पहुंचकर खुशी हो रही है।'' उन्होंने कहा, '' मैंने पहले टेंट में दर्शन किए थे, यह सुखद है कि हम भव्य और दिव्य मंदिर में भगवान श्रीराम का दर्शन कर रहे हैं। मैं अभिभूत हूं कि रामलला के इतने भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है।'' शर्मा के साथ राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष सी.पी. जोशी, जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा, राजस्थान सरकार के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, शिक्षा मंत्री दिलावर के अलावा वहां के मुख्य सचिव सुधांशु भी मौजूद रहे। अयोध्या दौरे पर आने वाले राजस्थान के अन्य भाजपा विधायकों में गोपाल शर्मा, बालमुकुंद आचार्य, बाबू सिंह राठौड़, दीप्ति माहेश्वरी और जोगाराम पटेल शामिल हैं, जबकि दो निर्दलीय विधायक प्रियंका चौधरी और चंद्रभान सिंह आक्या ने भी भजनलाल शर्मा के साथ अयोध्या में रामलला के दरबार में पहुंचकर दर्शन पूजन किया। इससे पहले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्रियों और विधायकों ने गत 11 फरवरी को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किये थे। इसके अलावा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी भी चार मार्च को अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और अन्य कई प्रमुख नेताओं ने अलग–अलग दिनों में अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ अयोध्या आकर नवनिर्मित राम मंदिर में पूजा–अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की थी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी अपने परिवार के साथ अयोध्या के राम मंदिर में पूजा की थी।

महायुति में एनसीपी को कितनी सीटें मिलेंगी? अजित पवार के करीबी ने दे आंकड़ा बताया

एजेंसी।
महाराष्ट महागठबंधन में तीन पार्टियां बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी हैं तो किसे कितनी सीटें मिलेंगी? चर्चा चल रही है। लेकिन सीटों के आवंटन की समस्या अभी भी हल नहीं हुई है। ऐसे समय में जब महागठबंधन में किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी, इसे लेकर उत्सुकता चरम पर है, अब एनसीपी के नेता मंत्री हसन मुश्रीफ ने सीटों के बंटवारे को लेकर बड़ा बयान दिया है। लोकसभा चुनाव बस कुछ ही महीने दूर हैं। सभी राजनीतिक दलों की नजर चुनाव पर है। बीजेपी और कांग्रेस ने लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची घोषित कर दी है। लेकिन बीजेपी की ओर से घोषित सूची में महाराष्ट्र से किसी भी उम्मीदवार का नाम नहीं है। चूंकि महागठबंधन में तीन पार्टियां बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी हैं तो किसे कितनी सीटें मिलेंगी? चर्चा चल रही है। लेकिन सीटों के आवंटन की समस्या अभी भी हल नहीं हुई है। ऐसे समय में जब महागठबंधन में किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी, इसे लेकर उत्सुकता चरम पर है, अब एनसीपी के नेता मंत्री हसन मुश्रीफ ने सीटों के बंटवारे को लेकर बड़ा बयान दिया है। चर्चा है कि राष्ट्रवादियों को तीन लोक मिलेंगे। पत्रकारों को धन्यवाद, आप कहते हैं चार सीटें, आज शाम तक महागठबंधन का फॉर्मूला तय हो जाएगा।

प्रधानमंत्री के सफेद झूठ की एक और झलक ,सीएए अधिसूचना पर विपक्ष का केंद्र सरकार पर हमला

एिजेंसीं
नई दिल्ली रमेश ने कहा कि नियमों की अधिसूचना के लिए नौ बार एक्सटेंशन मांगने के बाद घोषणा करने के लिए जानबूझकर लोकसभा चुनाव से ठीक पहले का समय चुना गया है। ऐसा स्पष्ट रूप से चुनाव को ध्रुवीकृत करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से असम और बंगाल में। यह इलेक्टोरल बांड घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार और सखघ्ती के बाद हेडलाइन को मैनेज करने का प्रयास भी प्रतीत होता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि चुनाव से ठीक पहले नागरिकता संशोधन अधिानियम के नियमों को अधिसूचित करने का केंद्र का निर्णय चुनावों का ध्रुवीकरण करने के लिए बनाया गया है। जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिसंबर 2019 में संसद द्वारा पारित नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों को अधिसूचित करने में मोदी सरकार को चार साल और तीन महीने लग गए। प्रधानमंत्री दावा करते हैं कि उनकी सरकार बिल्कुल प्रोफेशनल ढंग से और समयबद्ध तरीके से काम करती है। सीएए के नियमों को अधिसूचित करने में लिया गया इतना समय प्रधानमंत्री के सफेद झूठ की एक और झलक है। रमेश ने कहा कि नियमों की अधिसूचना के लिए नौ बार एक्सटेंशन मांगने के बाद घोषणा करने के लिए जानबूझकर लोकसभा चुनाव से ठीक पहले का समय चुना गया है। ऐसा स्पष्ट रूप से चुनाव को ध्रुवीकृत करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से असम और बंगाल में। यह इलेक्टोरल बांड घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार और सखघ्ती के बाद हेडलाइन को मैनेज करने का प्रयास भी प्रतीत होता है। संसद में पारित होने के पांच साल बाद केंद्र ने सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू कर दिया। यह अधिसूचना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले आई है। आवेदन ऑनलाइन मोड में जमा किए जाएंगे जिसके लिए एक वेब पोर्टल उपलब्ध कराया गया है। पिछले महीने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि इस संबंध में नियम जारी कर इस साल लोकसभा चुनाव से पहले सीएए लागू किया जाएगा।

हैदराबाद हवाई अड्डे को मिला सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा पुरस्कार

एजेंसी।
हैदराबाद। हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 2023 में वैश्विक स्तर पर भाग लेने वाले 400 से अधिक हवाई अड्डों में से उसे एक बार फिर एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) के एएसक्यू सर्वेक्षण में यह पुरस्कार दिया गया है।

हैदराबाद। जीएमआर हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सोमवार को कहा कि उसे 1.5–2.5 करोड़ यात्रियों की वार्षिक क्षमता वाली श्रेणी में एशिया–प्रशांत क्षेत्र का वर्ष 2023 का लिए हवाईअड्डा सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 2023 में वैश्विक स्तर पर भाग लेने वाले 400 से अधिक हवाई अड्डों में से उसे एक बार फिर एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) के एएसक्यू सर्वेक्षण में यह पुरस्कार दिया गया है। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रदीप पणिक्कर ने कहा, हम इस मान्यता के लिए टीम और सभी हवाईअड्डा हितधारकों को उनके समर्पण, अथक परिश्रम और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देते हैं। इस हवाई अड्डे को वर्ष 2018 में 1.5–2.5 करोड़ यात्रियों के खंड में विश्व में चौथा स्थान मिला था।

गांधीनगर ,गुजरात में फिल्म अभिनेता राकेश पांडे के द्वारा विश्व महिला दिवस पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

गांधीनगर फिल्म अभिनेता राकेश पांडे के द्वारा विश्व महिला दिवस पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन इन्फो सिटी क्लब रिसार्ट मे किया गया। बैनर तले प्रोग्रेसिव फाउंडेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स

के द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय मे पूरे भारतवर्ष से तमाम फिल्मी राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के सदस्य एवं राज्यसभा सांसद राजू भाई परमार और मुकेश भाई पांडे निर्माता निर्देशक एवं अध्यक्ष ह्यूमन राइट वायलेशन कंट्रोल सेल रहे। कार्यक्रम मे स्वामी डॉ कर्णव जोशी के साथ–साथ गुजरात एवं भारतवर्ष से आए तमाम अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया । इस कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं के द्वारा महिलाओं को शिक्षा स्वास्थ्य चिकित्सा सुरक्षा रोजगार इत्यादि क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा आगे बढ़ने पर जोर दिया गया। फिल्म अभिनेता राकेश पांडे जो संस्था के अध्यक्ष हैं उनके द्वारा लगातार 15 वर्षों से इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। साथ ही खास तौर पर हर वर्ष 8 मार्च को विश्व महिला दिवस पर अलग–अलग राज्यों में सेमिनार का आयोजन किया जाता है सेमिनार के माध्यम से लगातार महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाता है।
इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि राजू भाई परमार ने सबको अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और संबोधित करते हुए कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः अर्थात जहां नारी की पूजा होती है वहीं देवता निवास करते हैं। भारतीय महिलाओं की ताकत, साहस और लचीलेपन और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों को सलाम उन्होने कहा कि आज नारी अपने साहस के बल पर पूरे आत्म विश्वास के साथ हर क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहरा रही है। राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष तारा भंडारी ने कहा कि नई सदी की नारी के पास कामयाबी के उच्चतम शिखर को छूने की अपार क्षमता है। इस अवसर पर बोलते हुए मुकेश भाई पांडे निर्माता निर्देशक एवं अध्यक्ष ह्यूमन राइट वायलेशन कंट्रोल सेल ने कहा की आज की महिलाएं सिर्फ घर नहीं चलाती बल्कि देश और दुनिया की तरक्की में भी अपना लोहा मनवा रही हैं। महिलाओं ने अपनी प्रतिभा, कौशल और जज्बे के दम पर अपना लोहा मनवाया है। महिलाओं के हौसले को बढ़ाने के लिए, उनके देश और दुनिया की तरक्की में योगदान करने के लिए और उनकी सराहना करने के लिए ही महिला दिवस मनाया जाता है। हर साल 8 मार्च का दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।
ये दिन महिलाओं की उपलब्धियों को समर्पित है। महिलाओं को मान–सम्मान और उनका अधिकार देने के लिए ही महिला दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन मे बोलते हुए फिल्म अभिनेता राकेश पांडे ने कहा की महिला दिवस मनाने का चलन 1910 से शुरु हुआ। क्लारा जेटकिन नाम की एक महिला ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बुनियाद रखी थी। इस दिन की शुरूआत 1908 में तब हुई, जब अमेरिका के न्यूयार्क शहर में पंद्रह हजार महिलाओं ने परेड निकाली थी। महिलाओं का परेड निकालने का मकसद था कि उनके काम के घंटे कम हो,उनको अच्छा मेहनताना मिले और उन्हें वोट डालने का भी अधिकार मिले।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को औपचारिक मान्यता सन 1975 में मिली। जब संयुक्त राष्ट्र ने महिला दिवस का जश्न मनाना शुरू कर दिया तब इस दिन को औपचारिक रूप से मान्यता मिली। महिला सशक्तीकरण, भौतिक या आध्यात्मिक, शारिरिक या मानसिक, सभी स्तर पर महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है।महिला सशक्तिकरण का यह कार्य काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की सामाजिक–आर्थिक प्रगति उसके महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक प्रगति पर ही निर्भर करती है। महिला सशक्तिकरण महिलाओं को वह मजबूती प्रदान करता है, जो उन्हें उनके हक के लिए लड़ने में मदद करता है।
कार्यक्रम मे प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा द्वारा चलाई गई योजना को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया ज्ञात हो की इस योजना से सरकार सरकार कन्या शिशु के प्रति समाज के नजरिए में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का प्रयास कर रही है।इस योजना शुरूआत प्रधान मंत्री ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत, हरियाणा में की थी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन–काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है। इसी कर्यक्रम मे महिला सशक्तिकरण पर अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखें तथा इस अवसर पर तमाम क्षेत्रों की प्रतिष्ठित महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस कर्यक्रम मे श्री अनुपम सिंह गहलोत बडौदा पुलिस कमिश्नर श्री टी यस माली आईपीएस रिटायर्ड डीजीपी सीआईडी रेलवे एंड क्राइम ,श्री जितेंद्र सिंह रिटायर्ड सिविल एंड सेशन जज एंड एडवाइजर प्रोग्रेसिव फाउंडेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स श्री मुकेश पांडे फिल्म निर्माता निर्देशक और प्रोग्रेसिव फाउंडेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स केअध्यक्ष ,श्रीमती दिव्या पटेल प्रोड्यूसर मल्टी आर्ट ,श्रीमती रूपा परेश गज्जर प्रिंसिपल आदर्श इंग्लिश मीडियम स्कूल शामिल रहे। इसके अलावा श्री दीपक पांडे वाइस प्रेसिडेंट, श्री मुकेश श्रीमाली गुजरात प्रेसिडेंट श्री मोनिका सोडा ,लक्ष्मी थप्पडीवाल श्री मुकेश कपाड़िया श्री जगदीश पांडे अंकित गोहिल जोंटी लिम्बचिया आदि शामिल रहे।

आत्मनिर्भर महिलाएँ आत्मनिर्भर भारत का चेहरा–गिरिराज सिंह

एजेंसी।
नयी दिल्ली। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर महिलाओं की आर्थिक आजादी के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''देश में 20 करोड़ ग्रामीण परिवार हैं। हम 10 करोड़ महिलाओं तक पहुंच चुके हैं, जो अब स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं... दस करोड़

महिलाओं को सशक्त बनाया गया है। आत्मनिर्भर महिलाएं आत्मनिर्भर भारत का असली चेहरा होंगी।'' केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार का ध्यान महिलाओं को विभिन्न तरीकों से सशक्त बनाने पर है और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 10 करोड़ से अधिक महिलाएं 'आत्मनिर्भर भारत' का चेहरा है। 'सशक्त नारी–विकसित भारत' कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर महिलाओं की आर्थिक आजादी के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''देश में 20 करोड़ ग्रामीण परिवार हैं। हम 10 करोड़ महिलाओं तक पहुंच चुके हैं, जो अब स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं... दस करोड़ महिलाओं को सशक्त बनाया गया है। आत्मनिर्भर महिलाएं आत्मनिर्भर भारत का असली चेहरा होंगी।'' सिंह ने लोगों के कल्याण के लिए भाजपा सरकार की – उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत, पीएम पोषण, जल जीवन, मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी – योजनाओं का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने सोमवार को यहां 'सशक्त नारी–विकसित भारत' कार्यक्रम में भाग लिया और पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में नमो ड्रोन दीदियों द्वारा आयोजित कृषि ड्रोन प्रदर्शन देखा। नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी पहल, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के बीच आर्थिक सशक्तीकरण और वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का अभिन्न अंग हैं।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, मंगलवार 12 मार्च 2024
sheelshukla100@gmail.com

मलिन बस्ती के बच्चों ने खेलकूद में दिखाई अपनी प्रतिभा

लखनऊ। आर्य श्री शिक्षा समिति द्वारा आज लखनऊ के मलिन बस्तियों के बच्चों के लिए ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में वार्षिक खेल कार्यक्रम का आयोजन किया। आर्यश्री शिक्षा समिति एक पंजीकृत संगठन है जो पिछले 22 वर्षों से आगरा शहर में और 7 वर्षों से लखनऊ में समाज के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा है, विशेष रूप से वंचित समुदाय की महिलाओं और बच्चों पर यह संस्था विशेष कार्य कर रही है। संस्था का दृष्टिकोण मजबूत नैतिक मूल्य के साथ प्रभावी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है समाज के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए आर्य श्री शिक्षा समिति ने आगरा और लखनऊ शहर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में सामुदायिक विकास की पहल शुरू की जिसमें प्राथमिक शिक्षा, बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं और जागरूकता प्रमुख हैं। लखनऊ की 6 मलिन बस्तियों गुलजार नगर इंदिरा नगर शहीद नगर मोहल्लापुर गाड़ी कनौरा और नटखेड़ा के बच्चों ने आज तीन तीन नृत्य का प्रदर्शन किया साथी अलग–अलग बस्तियां की रेस भी कराई गई, जिसमें गुलजार नगर केंद्र से रुखसार प्रथम, वैभव द्वितीय, उजमा तृतीय,गढ़ी कनौरा से आराध्या प्रथम, सलोनी द्वितीय, सुनैना तृतीय, मोहबिल्लापुर से आकाश प्रथम, सनी द्वितीय, नितिन तृतीय, नटखेड़ा से पियूष प्रथम, आयुष्मान द्वितीय, सरफराज तृतीय, और शहीद नगर केंद्र से ताज प्रथम, आफरीन द्वितीय, व निखिल तृतीय रहे।इनके अलावा खुशी, अक्षय ,अंशु, रुखसार, आफरीन और सुकुरी को भी अलग–अलग क्षेत्र में पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक जागरूक माता में संजू रावत ममता रजिया रुखसाना आशिया और अमीषा बेगम को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आर्य श्री की निदेशक तूलिका कपूर ने बताया की संस्था ने अब तक 15000 से अधिक बच्चों को औपचारिक स्कूलों से जोड़ा है आर्य श्री कौशल विकास पहल द्वारा 300 से अधिक महिलाओं को अधिक रूप से स्वतंत्र भी बनाया गया है।इस अवसर पर शहर के निर्माण व्यक्तियों में सेवानिवृत्ति न्यायमूर्ति यू के धवन, भारतीय रेल के मंडलीय खेल सचिव बी आर वरुण ,ज्योत्स्ना हबीबुल्लाह, पूजा सिकेरा सहित शुभम, अजय, प्रदीप, शालिनी, गजाला, नगमा, अंकुर, चंद्रकला, जयंती, सरिता, राज चौरसिया, जुबेर और मनीष उपस्थित थे।

राकेश सचान ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर के स्तर पर ले जाने के संबंध में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की

प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए विभागीय उत्पादों के निर्यात को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग तथा हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर ले जाने हेतु विभागीय स्तर पर की जा रही कार्यवाही एवं कार्यों के संबंध में आज यहां निर्यात भवन में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए विभागीय उत्पादों के निर्यात को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाय। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में विभाग की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। एम.एस. एम.ई. (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था में विशेष भूमिका अदा करता है तथा पूंजी निवेश, उत्पादन एवं रोजगार में सार्थक योगदान देता है। राकेश सचान ने बैठक में निर्देश दिया कि ओडीओपी उत्पादों के विपणन एवं ब्रांड प्रमोशन एवं ई–मार्केटिंग को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से ओडीओपी मार्ट ई–कामर्स पोर्टल को अधिक वाईब्रेट एवं डाइनेमिक बनाने हेतु विभिन्न ई–कॉमर्स कम्पनियों द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों द्वारा उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाय।समीक्षा बैठक में एन0एस0ई0 इमर्ज एवं नोडल एजेंसी डिलॉइट संस्था द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। एन0एस0ई0 इमर्ज द्वारा किये गये प्रसतुतीकरण में एम0एस0इम0ई0 सेक्टर के विकास एवं पूंजी निर्माण के लिए राज्य सरकार से एम0एस0एम0ई0 विभाग के ओ०डी०ओ०पी०, लघु एवं मध्यम उद्यम की प्रदेश में संचालित यूनिट्स को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में रजिस्टर कर पूँजिगत निवेश को बढ़ाने पर जोर दिया गया। डिलॉइट संस्था द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए किये गये प्रस्तुतीकरण में विभागीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई क्लस्टर्स के विकास किये जाने पर जोर दिया गया। डिलॉइट संस्था द्वारा उल्लेख किया गया कि प्रदेश की 11,000 एमएसएमई इकाईयों का योगदान ही जी0डी0पी0 में प्रदर्शित होता है। इस सम्बन्ध में प्रदेश की अधिक से अधिक एमएसएमई इकाईयों का जी0डी0पी0 में योगदान प्रदर्शित हो इसके लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार में चल रहे गैप को पूरा करने का प्रयास किये जाने पर बल दिया गया है। समीक्षा बैठक में रॉ मैटेरियल बैंक के सम्बन्ध में विचार विमर्श करते हुए कोयम्बटूर (तमिलनाडु) तथा ओडिशा में कार्य कर रही संस्था द्वारा संचालित कार्यों के अवलोकन हेतु विभागीय अधिकारियों को विजिट करने हेतु कार्यक्रम निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक जनपद की स्थानीय निर्यात सम्भावनाओं को एक्सप्लोर करते हुए अधिकतम सदुपयोग, स्थानीय रोजगार सृजन, निर्यात अनुकूल वातावरण सृजन हेतु उद्यमियों को आवश्यक अवस्थापना, लॉजिस्टिक, वित्त पोषण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक जनपद को पोटेंशियल एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने के लिए समस्त 75 जनपदों में व्यापक अध्ययन व स्टेक होल्डर्स कन्सल्टेशन के माध्यम से जिला निर्यात कार्य योजना तैयार किये जाने के संबंध में विचार–विमर्श किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन श्री अमित मोहन प्रसाद सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मोबाइल के दौर में सामाजिक सद्भाव, लोककला एवं ग्रामीण लोक संस्कृति को जीवित रखने के लिए राज्य सरकार की अनूठी पहल–जयवीर सिंह

अगले चरण में 69000 ग्राम सभाओं को वाद्ययंत्र दिये जायेंगे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने 18 मण्डलों के 18 ग्राम प्रधानोंध्प्रतिनिधियों को ढोलक, हारमोनियम, मजीरा, घुंघरू तथा झींका वाद्ययंत्रों की किट वितरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अंचलों की लोक संगीत एवं विरासत को संवर्धित करने के लिए एक अनूठी पहल की गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश के समस्त ग्राम सभाओं को चरणबद्ध रूप से वाद्ययंत्रों का सेट प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल के बढ़ते प्रभाव के कारण ग्रामीण संस्कृति और लोक संगीत की शैली प्रभावित हुई है। इसको जीवंत बनाये रखने के लिए राज्य सरकार ने ग्राम पंचायतों को वाद्ययंत्र उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।जयवीर सिंह आज संगीत नाटक अकादमी गोमतीनगर के परिसर में संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना के तहत ग्राम पंचायतों को वाद्ययंत्र वितरित करने के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 18 मण्डलों के 475 ग्राम प्रधानध उनके प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने ग्राम प्रधानों का आवाह्न किया कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं कुशल मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम संभव हो पाया है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि सदियों से गॉवों में अपनी लोकगायन की अनूठी परम्परा चलती आई है। मोबाइल के आने से धीरे–धीरे लोककला एवं वाद्ययंत्र विलुप्ति की कगार पर पहुंच रहे हैं। इस लोक विरासत एवं समृद्ध संस्कृति को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। लोक संस्कृति की बहुत गहरी जड़े हैं। गॉव देहात की अपनी अनूठी शैली होती है। इसके माध्यम से सामाजिक एकता, भाईचारा एवं सामाजिक सद्भाव का तानाबाना बना रहता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में मोबाइल के कारण लोग एकांतवादी होते जा रहे हैं, जो हमारे लोक जीवन एवं लोक संस्कृति के लिए अच्छा संकेत नहीं है। जयवीर सिंह ने कहा कि लोक संगीत एवं कलाकार सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। राज्य सरकार लोक संगीत, कला एवं वाद्ययंत्रों को जीवित रखने के लिए ग्राम पंचायतों को किट प्रदान करने की पहल की है। धीरे–धीरे सभी ग्राम पंचायतों में वाद्ययंत्र उपलब्ध करा दिये जायेंगे। इससे जहां एक ओर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर प्राचीन विरासत को जीवंत बनाकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य भी संभव होगा। उन्होंने कहा कि गांव के विकास तथा राष्ट्र की मुख्यधारा में भागीदारी की शुरूआत गांव से ही होती है। गॉव में ही भारत की आत्मा बसती है। जयवीर सिंह ने कहा कि वह स्वयं ही लम्बे समय तक ग्राम प्रधान रहे हैं। ग्राम प्रधान विकास की रीढ़ होता है। देश के प्रधानमंत्री ने भारत को ग्लोबल लीडर बनाने का संकल्प लिया है। आज भारत ब्रिटेन का पीछे छोड़कर विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत को ग्लोबल लीडर बनाने में उ0प्र0 ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य कर रहा है। इसमें ग्राम प्रधानों को महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है।

बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का भाजपा के पास कोई जवाब नहीं – अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा किया है। देश में 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर निर्भर है। 90 फीसदी पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगार है। किसान की आय दोगुनी करने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का भाजपा के पास कोई जवाब नहीं है। बढ़ती बेरोजगारी के कारण परेशान युवा आत्महत्या करने पर विवश है। भाजपा की दस साल की सरकार में कर्ज और गरीबी के कारण एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली है।समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार रही तो बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का बनाया हुआ संविधान खत्म कर देगी। लोगों का हक और सम्मान छीन लिया जाएगा।इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से इलेक्टोरल बॉण्ड की सूची सामने आ जाएगी। जिससे पता चल जाएगा कि इलेक्टोरल बॉण्ड किसने दिये हैं और किसे दिये हैं। भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया। उसके बाद उन्हीं उद्योगपतियों को फिर से कर्ज दे दिया लेकिन सरकार ने किसानों को उनकी फसलों पर एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया। भाजपा सरकार किसान विरोधी है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पिछड़े, दलितों, अल्संख्यकों का हक छीन रही है। भाजपा केवल वोट लेती है, लेकिन पीडीए को उनका अधिकार नहीं देती है। यूपी में विश्वविद्यालयों में जो चांसलर नियुक्त किए गये है, उसमें से कितने पीडीए हैं। वाइस चांसलरों ने जो भर्तियां की है, उसमें कितने पीडीए है। जिलों के अधिकारियों की पोस्टिंग में कितने पीडीए है। भाजपा ने लाखों प्रतियोगी छात्रों के भविश्य के साथ खिलवाड़ किया है। दिखावा करने के लिए भर्ती निकाली थी। भाजपा की नीयत युवाओं को नौकरी रोजगार देने की नहीं थी। सरकार ने जान–बूझकर पेपर लीक कराया, जिससे नौकरी न देनी पड़े।

मनरेगा कन्वर्जेंस से कराये जा रहे कार्यों पर रखी जाय पैनी नजर – केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा व मनरेगा कन्वर्जेंस से विभिन्न विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यों पर लगातार पैनी नजर रखी जाय, कार्यों लगातार निरीक्षण व पर्यवेक्षण किया जाए और फील्ड विजिट करते हुये नियमित रूप से समीक्षा की जाए। जनपद सिद्धार्थनगर में मनरेगा के तहत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराये गये कतिपय कार्यों में अनियमितता किये जाने का मामला आई जी आर एस के तहत ग्राम्य विकास आयुक्त के संज्ञान में लाया गया था। जिस पर ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस प्रियदर्शी द्वारा जांच करायें जाने के निर्देश दिए गए थे। प्रकरण की जांच परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में गठित त्रिस्तरीय समिति द्वारा करायी गयी। ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि जांच समिति द्वारा उपलब्ध करायी गयी जांच आख्या के आलोक में उत्तरदायी अधिकारियोंध्कर्मचारियों के विरुद्ध वसूली एवं विधिक कार्यवाही जिला अधिकारी सिद्धार्थ नगर द्वारा प्रचलित की गयी है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में अन्य विभागों के माध्यम से कराये गयेध् कराये जा रहे कार्यों की जांचध्निरीक्षण में प्रकाश में आयी शासकीय क्षति की वसूली 50 प्रतिशत माप करने वाले, 35 प्रतिशत भुगतान की संस्तुति करने वाले व 15 प्रतिशत भुगतान करने वाले अधिकारी से किये जाने का प्राविधान है। इस आलोक में दिलीप कुमार सिंह अवर अभियंता (सेवानिवृत्त), से रू 2 लाख, शिव शंकर सहायक अभियंताध्अधिशाषी अभियंता (सेवानिवृत्त) से रू 187500.00 प्रवीर कुमार गुप्ता सहायक अभियंता (सेवानिवृत्त) से रू 131250.00 व रउफ अहमद अधिशासी अभियंता (सेवानिवृत्त) से रू 56250.00 की वसूली किये जाने व विधिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

नगरों के समृद्ध विकास से नागरिकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण व शिलान्यास

लखनऊ। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ ही उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए तेजी से कार्य हो रहा है। नगरों के समृद्ध विकास के साथ ही नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिले, उनके जीवनस्तर में सुधार हो, इसके लिए योगी सरकार संकल्पित है। इसी दृष्टि से नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत की 3419 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण कल 12 मार्च, 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के कर–कमलों द्वारा किया जा रहा। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के नगरीय जीवन को बेहतर बनाने के लिए यहां की नगरीय व्यवस्थापन को वैश्विक स्तर का बनाने के लिए प्रदेश सरकार कार्य कर रही। प्रदेश की योगी सरकार ने इसके लिए कई विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है। नगरों को स्वच्छ बनाने के लिए साफ–सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा। नगर विकास मंत्री ने बताया कि विभाग की 22 योजनाओं के तहत नगरों के विकास के लिए विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जा रहा है। इसमें 9458.66 करोड़ रूपये लागत की 3150 कार्यों का शिलान्यास तथा 1632.58 करोड़ रूपये लागत की 269 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा।

जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान – केशव प्रसाद मौर्य

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने– 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक–एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार–बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू–ब–रू होकर सुना। लनता दर्शन मे लगभग 2 दर्जन से जिलों से आये कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 1506482 गोवंश का संरक्षण किया गया – धर्मपाल सिंह

कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में तेजी लाने के सख्त निर्देश

निराश्रित गोवंश संरक्षण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर निरन्तर किया जाए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए नस्ल सुधार योजनाओं में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में देशी नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी करने और किसानों एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि करने के लक्ष्य की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता न बरती जाए और कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्यों को शीघ्र पूरा किया जाए।पशुधन मंत्री ने आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश, नस्ल सुधार, ईयर टैगिंग एवं आगामी वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित योजनाओंध्निर्माण कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। कहा कि निराश्रित गोवंश संरक्षण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर निरन्तर किया जाए और गो आश्रय स्थलों पर चारा, भूसा, पेयजल एवं औषधियों आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 1506482 गोवंश का संरक्षण किया गया है। वर्तमान में 6492 अस्थाई गोआश्रय स्थल, 297 वृहद गोसंरक्षण केन्द्र, 273 कान्हा गोआश्रय स्थल तथा 307 काजी हाउस हैं। निर्देश दिये कि ईयर टैगिंग के कार्य को भी सुनियोजित रूप से संचालित किया जाए और संक्रामक रोगों एवं पशुओं के उपचार के दृष्टिगत दवाईयों एवं वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी लक्ष्यों को 03 माह, 06 माह एवं 09 माह की समयावधि के तहत कार्ययोजना बनाकर पूरा किया जाए। निर्माणाधीन गोआश्रय स्थलों, पशु चिकित्सालयों एवं अन्य निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित अवधि के अंदर पूर्ण कराया जाए और समयबद्ध रूप से फाइलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास श्री रविन्द्र ने मंत्री जी को निराश्रित गोवंश, नस्ल सुधार कार्यक्रम एवं प्रस्तावित योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

न्याय विभाग एवं सीएससी–एसपीवी भारत सरकार द्वारा राज्य स्तरीय "हमारा संविधान हमारा सम्मान" कार्यशाला और मेले का आयोजन

लखनऊ। भारत के 75वें आजादी के अमृत महोत्सव पर्व मनाए जाने के क्रम में न्याय विभाग तथा सीएससी–ई–गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड भारत सरकार के द्वारा जन–जन तक अपनी जनहित सेवाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला एवं मेले का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित मर्करी सभागार लखनऊ में किया गया।

कार्यशाला के अंतर्गत "जन सेवा जनता के द्वार" अभियान के द्वारा जिसका मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर के सीएससी संचालको का प्रशिक्षण और आम जनता तक यह योजना पहुंचाना था, टेली–ला कार्यक्रम के कार्यान्वयन का समर्थन करना और राज्य में टेली–लॉ, न्याय बघु, न्याय सेतु और कानूनी साक्षरता कार्यक्रम के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला–ग्राम स्तर पर "हमारा संविधान हमारा सम्मान" अभियान की शुरुआत की गई। कार्यशाला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल तथा स्टेट हैड सीएससी राजेश मिश्रा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि नें भारत सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुये सीएससी के प्रयासों की सराहना किया। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न सेवाओं पर आधारित स्टालों का निरीक्षण किया और प्रचार–प्रसार वाहन को झंडी दिखाई। विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति अताऊ रहमान मसूदी ने कहा कि हमारे संविधान का सम्मान लोकतंत्र के कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका पर टिकी है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रशांत कुमार सिंह उप महानिदेशक तथा निदेशक डा. प्रवीन कुमार सिंह क्षेत्रीय कार्यालय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण लखनऊ को शाल तथा मोमेंटों देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि भारत के संविधान में संविधान की प्रस्तावना में नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। सर्विस सेंटरों के माध्यम से टेली–ला योजना एक वरदान के रुप में साबित हो रही है।

कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह लॉ कॉलेज कानपुर के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मौजूद वीएलई (ग्रामीण स्तरीय उद्यमी) तथा लोगों को सचित्र वर्णन करते हुए योजना के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान टेली–लॉ सेवा में सर्वोत्तम कार्य करने वाले सीएससी जिला प्रबन्धकध्पैनल लायर तथा वीएलई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएससी के नमिता द्विवेदी तथा पैनल लायर नेहा ने संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण राज्य से लगभग 450 कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों समेत द्वारा सीएससी से संबद्ध 70 से अधिक पैनल लायरों ने प्रतिभाग किया।

नव नियुक्त निदेशक एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बलरामपुर चिकित्सालय स्वागत किया'

लखनऊ,बलरामपुर चिकित्सालय के नव नियुक्ति निदेशक डा० पवन कुमार अरुण एवं डा ० एन बी सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को राजकीय नर्सेज संघ उत्तर प्रदेश शाखा–बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात एंव पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।इस अवसर पर मिथिलेश मिश्रा डिप्टी नर्सिंग सुपरीटेंडेंट बलरामपुर ने सभी का परिचय कराया, राजकीय नर्सेज संघ उत्तर प्रदेश के महासचिव अशोक कुमार,मंडल अध्यक्ष आईनिस चार्ल्स,अध्यक्ष बलरामपुर अमिता रौस, कोषाध्यक्ष स्मिता मौर्य,मनीषा गुंरग,महेन्द्र श्रीवास्तव निदेशक महोदय ने नर्सेज से चिकित्सालय में बेहतर से बेहतर कार्य के लिए

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, मंगलवार 12 मार्च 2024
sheelshukla100@gmail.com

पब्लिक एड्रेस सिस्टम खोलेगा अपराध का राज

प्राथमिक विद्यालय और पंचायत भवन में चोरी रोकने को नई पहल

सुलतानपुर (आरएनएस)। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के तहत अपराध पर लगाम लगाने की विशेष पहल सुल्तानपुर में जागरूक प्रधान द्वारा की गई है। पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय में रात में कर्मचारियों की गैर मौजूदगी को देखते हुए होने वाली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए यह विशेष पहल शुरू की गई है। आपको बता दें कि सोलर लाइट से संचालित घूमने वाला अत्यधिक सीसीटीवी कैमरा शहर से सटे कटावां ग्राम पंचायत में पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगाया गया है। स्थानीय प्रधान रिंकू सिंह की पहल पर ग्राम पंचायत निधि से पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय को सुरक्षित करने के लिए इसे स्थापित किया गया है। जो पूरी तरीके से सौर ऊर्जा पर आधारित है। सूर्य की रोशनी में सोलर पैनल बैटरी को चार्ज करेंगे और दिन भर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के इस कैमरे को आवश्यक बिजली उपलब्ध ा कराएंगे। रात के अंधेरे में चार्ज बैटरी के जरिए लगातार पब्लिक एड्रेस सिस्टम पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय समेत आने जाने वाले हर व्यक्ति पर नजर रखेगा। ग्राम प्रधान रिंकू सिंह ने बताया कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम सोलर पैनल पर आधारित है। अभी एक पैनल ग्राम पंचायत में स्थापित किया गया है। इसकी लागत ६ ानराशि ६20000 सामने आई है। ग्राम पंचायत के 30 स्थान को चयनित किया गया है। जिसमें प्राथमिक विद्यालय, लड़कियों के विद्यालय, इंटर कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्र समेत अन्य सार्वजनिक स्थल और प्रमुख चौराहे शामिल हैं। रात के अंधेरे में यह फ्लैश रोशनी प्रकाशित करते हुए आने जाने वाले की फोटो कैद करता है। प्रथम दृश्य इसका प्रयोग सफल रहा है। पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय में होने वाली चोरी को रोकने के लिए हमने इसकी शुरुआत की है।

समाजवादी पार्टी छात्र सभा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

धनंजय सिंह को बरी किए जाने की उठाई मांग महंगाई और भर्ती पर सरकार को घेरा

सुल्तानपुर (आरएनएस)। सोमवार को समाजवादी पार्टी छात्र सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। बैनर पोस्टर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। इस बीच पुलिस व कार्यकर्ताओं में तीखी नोकझोंक व झड़प भी हुई। सात सूत्रीय एक मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है। समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष वैभव मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तो इन्हें रोकने में पुलिस प्रशासन फेल रहा। सीओ सिटी शिवम मिश्रा, नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय भी कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस बीच कार्यकर्ताओं ने जमकर सरकार के विरोध में नारेबाजी किया। राज्यपाल को संबोधित सात सूत्रीय एक मांग पत्र भी सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है। मांग पत्र में इस बात का उल्लेख है कि धनंजय सिंह को जेल भेजा गया है। हम कोर्ट के फैसले को मानते हैं लेकिन देश जानता है कार्यपालिका और न्यायपालिका पर दबाव बढ़ता जा रहा है। सरकार के दबाव में उन नेताओं को जेल भेजा जा रहा है जो जनता की आवाज बन रहे। ऐसे में उनके दोष पर पुनः जांच कर उन्हें बरी किया जाए। वही पेपर लीक को मुद्दा बनाते हुए पेपर लीक के लिए कड़ी सुरक्षा के इंतजाम की मांग की गई है। परीक्षा केंद्र 40 किमी की रेंज में रखा जाए इससे ऊपर केंद्र बनने पर यात्रा भत्ता दिए जाने की मांग की गई है। उधर महंगाई के मुद्दे को भी जोर शोर से उठाया गया है। कानपुर में नाबालिग चचेरी बहनों के साथ गैंगरेप के मामले में दोषियों पर कार्रवाई के साथ 5 करोड़ मुआवजा व परिवार को नौकरी दिए जाने की मांग की गई है। ये भी मांग की गई है कि सरकारी विभागों में पद रिक्त पड़े हैं उन्हें सार्वजिक कर भर्ती निकालकर नकल विहीन परीक्षा कराकर पदों को भरा जाए।

स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त, चार विद्यार्थी घायल

जौनपुर (आरएनएस)। जिलें के चन्दवक थाना क्षेत्र के आजमगढ़ – वाराणसी मार्ग पर मुर्खा नहर पुलिया के पास सोमवार की सुबह एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार पिकप ने स्कूल बस को जोरदार टक्कर मार दी। इससे सगे भाई बहन समेत चार छात्र – छात्राएं घायल हो गए। सूचना पर तत्काल पहुंचे प्रबंधक व पुलिस ने सभी का इलाज निजी चिकित्सालय में कराया गया। भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज बजरंगनगर की बस मचहटी से 20 बच्चों को लेकर विद्यालय आ रही थी। बस मुर्खा नहर पुलिया के पास पहुंची ही थी कि वाराणसी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकप ने साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बस को टक्कर मार दी और पलट गई। बस में टक्कर लगते ही चीख पुकार मच गई। बच्चों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुन आसपास के लोग दौड़े सभी बच्चों को बाहर निकाला। चार बच्चे जिसमें कक्षा 6 के प्रियांशु, प्रिया यादव व अंश तथा कक्षा 4 की रोशनी घायल हो गए। पिकअप का चालक चंदौली जनपद के शहाबगंज के नरसिंहपुर कला निवासी नरेंद्र भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व विद्यालय के प्रबंधक अरविंद सिंह ने सभी को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा। बस के चालक कैलाश पाल को मामूली चोटें आईं।

मंहगाई राहत के तुरंत भुगतान की मांग

जौनपुर (आरएनएस)। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा की मासिक वैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कार्यालय मे हुई। बैठक की अध यक्षता जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह करते हुए अपने सम्बोधन मे संगठन की मांग पर शासन स्तर की प्रगति से अवगत कराते हुए कुछ कार्याध्यक्ष स्तर पर मेडिकल प्रतिपूर्ति मे शासनादेश के विपरीत कार्यवाही पर रोश प्रकट करते हुए सभी पीड़ित पेंशनर्स से लिख कर संगठन को देने की अपेक्षा की गयी। बक्ताओ ने कोविङ काल के 18 माह के मंहगाई राहत के तुरंत भुगतान की मांग के साथ रेलयात्रा मे पहले की तरह बरिष्ठ नागरिको को मिलने वाली छूट देने की मांग की गयी बैठक को मुख्य रूप से केकेतिवारी, ओमप्रकाश सिंह राजेन्द्र प्रसाद सिंह दिनेश कुमार सिंह रमेश मिठाई लाल मंजूरानी वीवी सिंह हरिश्चंद्र श्रीवास्तव , प्रमोद कुमार सिंह दसरथराम नन्दलाल रावत आदि ने सम्बोधित किया। संचालन जिला मन्त्री राजबली यादव ने किया ।

कटका–मायंग मार्ग का जीर्णोद्धार शुरू, विधायक ने किया भूमिपूजन

सुल्तानपुर। टेढुई से गोलाघाट तक फोरलेन सड़क का भूमि पूजन सोमवार को भाजपा विध ायक विनोद सिंह ने किया। वही लंबे समय कटका मायंग सड़क के जीर्णोद्धार की मांग का सपना भी आज साकार हुआ, विधायक ने इस सड़क का भी विधि विधान से भूमि पूजन किया है। विधायक ने टेढुई तिराहे पहुंचकर बहुप्रतीक्षित गोलाघाट से टेढुई तक बनने वाली फोरलेन सड़क का भूमि पूजन किया। राज्य योजनान्तर्गत बनने वाली इस सड़क की लंबाई करीब 2. 7 किलोमीटर है, जिसमें करीब 6739.82 लाख रुपयों का खर्च आएगा। यहां के बाद पूर्व मंत्री कटका पहुंचे जहां उन्होंने लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड से बनने वाले कटका मायंग मार्ग का विधि विधान से भूमि पूजन किया। वर्षों से जर्जर हो चुकी इस सड़क को सही करवाने की लोग लंबे अरसे से मांग करते चले आ रहे थे। बहरहाल आज भूमि पूजन के बाद इस मार्ग पर चलने वालों ने विधायक विनोद सिंह का आभार व्यक्त किया है। इससे पूर्व सोमवार को विध ायक विनोद सिंह ने आवास पर जनता जनार्दन से मुलाकात की। इस दौरान न सिर्फ उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी बल्कि उसका निस्तारण भी किया। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि ा रणजीत कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि ा कूरेभार नवनीत सिंह सोनू, संतोष मणि त्रिपाठी अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी, जिला पंचायत सदस्य नंदन चतुर्वेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता शशिकांत पांडेय, प्रमुख मोतिगरपुर चंद्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख कूरेभार प्रदीप सिंह, प्रधान अमऊ बबलू, प्रधान धर्मदासपुर शंकर मिश्रा, रतापुर प्रधान अम्बुज तिवारी, प्रधान मोनू चतुर्वेदी, प्रधान बहादुरपुर विजय बाबा, प्रधान सराय गोकुल मनीष तिवारी, बहरौली प्रधान सोनू सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

स्वच्छता दूतों ने घेरा कोतवाली, नहीं उठाए कूड़े

अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारियों ने की थी हाथापाई काफी मान मनौव्वल के बाद काम पर पलटे

सुल्तानपुर (आरएनएस)। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान व्यापारियों द्वारा स्वच्छता दूतों से हाथापाई व पिटाई के मामले में सोमवार को दूसरे दिन नगर क्षेत्र के सभी वार्ड कूड़े की ढेर से अटे रहे। इस दौरान नगर पालिका से प्रदर्शन करते हुए स्वच्छता दूत कोतवाली पहुंचे। यहां घंटों मान मनौव्वल और जद्दोजहद के बाद स्वच्छता दूत जाकर माने। गिले शिकवे दूर कर स्वच्छता दूत काम पर वापस लौटे हैं। बता दें कि सोमवार को नगर पालिका से स्वच्छता दूत प्रदर्शन करते हुए सड़क पर उतर आए। स्वच्छता दूत सैकड़ों की संख्या में कोतवाली पहुंचे और घेराव कर दिया। सभी दो स्वच्छता दूतों की पिटाई के मामले में कार्रवाई पर अड़ गए थे। दरअस्ल रविवार को कोतवाली नगर के शाहगंज से चौक मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारियों के साथ मौजूद अराजकतत्वों ने स्वच्छता दूतों से अभद्रता व हाथापाई की थी। सफाई कर्मचारी अध्यक्ष संतोष चौधरी का आरोप था कि इसमें दो सफाई कर्मियों को चोटे आई थी। इसके बाद सफाई कर्मी नगर पालिका में ध ारने पर बैठ गए थे। उधर सुबह से शहर में स्वच्छता दूतों ने कूड़े नहीं उठाए तो सफाई व्यवस्था चरमरा गई। बाद जब कोतवाली पर सफाई कर्मियों का घेराव हुआ तो सीओ सिटी शिवम मिश्रा व एसडीएम सदर ठाकुर प्रसाद आदि अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। पूर्व सभासद व कांग्रेस नेता अमोल बाजपेयी आदि ने मध्यस्थता की बातचीत का लंबा दौर चला तब कही जाकर स्वच्छता दूत माने और गिले शिकवे दूर कर काम पर लौटे। नगर पालिका के ईओ लाल चंद ने बताया कि व्यापारियों और सफाई कर्मियों को बुलाकर आपस में सामंजस्य बना दिया गया है। सफाई कर्मियों को जहां निर्देशित किया गया है कि वे सावध ानी से काम करेंगे वही व्यापारियों से कहा गया है कि दुकान से बाहर सामान नहीं रखेंगे।

देयको 25 मार्च तक अवश्य प्रस्तुत करें-- डीएम

जौनपुर (आरएनएस) । जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड ने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार में समस्त देयक निध ार्रित प्रक्रिया के अनुसार 25 मार्च तक अवश्य प्रस्तुत कर दे,जिससे कि बिलों की आवश्यक चेकिंग के बाद कोषागार द्वारा बिलों की पासिंग तथा ई–पेमेण्ट के माध्यम से 31 मार्च 2024 तक भुगतान हेतु एथराईजेशन किया जा सके। क्योंकि 31 मार्च तक पारित बिलों का भुगतान ई–पेमेंट द्वारा 31 मार्च को ही निर्धारित समय अवधि में किया जाएगा। 25 मार्च के उपरान्त केवल उक्त तिथि के बाद शासन स्तर से निर्गत वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष देयक स्वीकार किये जायेगें अथवा ततसमय शासन स्तर से निर्गत अद्यावधिक निर्देश के अनरूप कार्यवाही की जायेगी। उक्त निर्देशों का अनुपालन न करने तथा सामयिक आहरण के अभाव में किसी धनराशि के व्यपगत हो जाने पर सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होंगे। उन्होने निर्देशित किया है कि उपलब्ध बजट के मिलान व बिलों के प्रस्तुतीकरण का कार्य अनिवार्य रूप से समय से पूर्व करा ले जिससे किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे।

चोरों ने पांच लाख के गहने व 25 हजार नकदी पर किया हाथ साफ

सुल्तानपुर (आरएनएस)। चोरी की ताबड़तोड़ घटनाओं से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा होना शुरू हो गया है। लंभुआ, कोतवाली नगर थानाक्षेत्र की घटनाओं के बाद अब दोस्तपुर में चोरों ने लाखों की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दिया है। दोस्तपुर के अलहदादपुर में एक घर चोरों ने लाखों रुपए कीमत के जेवरात व 25 हजार नगदी पार किया है। दोस्तपुर के अलहदादपुर गांव निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने थाने पर लिखित तहरीर दी है। पीड़ित धीरेंद्र पुलिस को जानकारी दी है कि बीती रात अज्ञात चोर घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में घुस आए। इसके बाद चोरों ने कमरे के दरवाजे की कुंडी तोड़कर अलमारी, सूटकेस में रखे 5 लाख कीमत के जेवरात व बेड में रखी 25 हजार की नगदी लेकर भाग निकले। हमारे भतीजे की पत्नी भोर में उठी तो घटना के बारे में हम सबको जानकारी हुई। इसकी सूचना हमने फोन से पुलिस को दिया। पीड़ित ने बताया कि जब पुलिस आई और जांच शुरू किया तो घर के बाहर में खेत में अलमारी व दो सूटकेस पाया गया है। चोर सोने का मंगल सूत्र, सोने का दो हार, पांच अंगूठी, तीन झाला, तीन सोने की चेन, दो झुमका व अन्य गहने लेकर गए हैं। इस मामले में एसएचओ राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिली है। पुलिस जांच कर रही है। साक्ष्य के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

आकाश जिला अध्यक्ष व अंकित युवा जिला महामंत्री मनोनीत

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

सुल्तानपुर (आरएनएस)। जनपद में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सदैव व्यापारियों के हित के लिए आवाज उठाने का कार्य करता है, जिस वजह से जनपद के प्रत्येक व्यवसायी संगठन में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इसी क्रम में जिला कार्यकारिणी की एक अहम बैठक जिला अध्यक्ष विजय प्रधान की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय व क्षेत्रीय प्रभारी अवध क्षेत्र अमर बहादुर सिंह के अनुमोदन पर सतनाम सिंह बग्गा को जिला युवा प्रभारी एवं आकाश जायसवाल अक्कू को युवा जिला अध्यक्ष व अंकित अग्रहरि को युवा जिला महामंत्री का मनोनयन जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोठिया व वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीश मिश्रा ने प्रदान किया। वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीश मिश्रा ने जिला युवा अध्यक्ष व जिला युवा महामंत्री को अति शीघ्र पूरी कार्यकारिणी गठित कर सूची उपलब्ध कराने की हिदायत दी, ताकि जल्द से जल्द जिले की अन्य इकाइयों, बाजारों एवं तहसीलों का गठन किया जा सके। बैठक में अन्य कई मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा की गई। जिस पर जिला कार्यकारिणी द्वारा जल्द ही कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर जिला महामंत्री मनीष साहू, जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र बरनवाल,जिला सह प्रभारी प्रमोद अग्रवाल,जिला उपाध्यक्ष अंकुर तिवारी, जिला मंत्री अरविंद पांडेय, नगर उपाध्यक्ष नारायण राय, नगर उपाध्यक्ष चंद्र देव मिश्रा आदि कई पदाधिकारीगण उपस्थिति रहे।

कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रोग्रमा प्रस्तुत किया

जौनपुर (आरएनएस) । जौनपुर महोत्सव के प्रथम दिन सायं काल में स्थानीय कलाकारों द्वारा शाही किला के प्रांगण में सांस्कृ तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संस्कृति विभाग के पंजीकृत गायकों राहुल पाठक, आशीष पाठक सपना शर्मा आदि द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही परिषदीय विद्यालयों के बच्चो ने भी नृत्य के माध्यम से दर्शकों का मन मोहा। माननीय मंत्री जी ने प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को अंगवस्त्रम तथा मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया। विधायक शाहगंज रमेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, अन्य जनप्रतिनिधि गण, पर्यटन सूचना अधिकारी सुश्री मनोकामना राय, डी.सी.एन.आर.एल.एम. ओपी यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

विकासखंड पर बीडीसी एवं प्रधान संघ की बैठक हुई संपन्न

प्रधान एवं बीडीसी प्रतिनिधियों को बैठक में ना बुलाना बना चर्चा का विषय

लम्भुआ सुल्तानपुर। (आरएनएस) लम्भुआ ब्लाक के सभागार में सोमवार को ब्लॉक प्रमुख की अध यक्षता में क्षेत्र पंचायत समिति प्रधान संघ की बैठक हुई। जिसमें प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में प्रधान एवं बीडीसी के प्रतिनिधियों को बैठक में नहीं बुलाया गया जो चर्चा का विषय बना रहा। इस बैठक में प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख को करीब पांच करोड़ के विकास कार्यो के प्रस्ताव दिए हैं। इस दौरान ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित अन्य अधिकारियों ने क्षेत्र के विकास कार्यों पर मंथन किया। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखंड देव मिश्रा तहसीलदार देवानंद तिवारी अवनीश सिंह (बीडीसी नौगवां) उपस्थित रहे।

रमजानुल मुबारक की तैयारियॉ जोरों पर

सुल्तानपुर। रमजान के मौके पर सभी मस्जिदों की साफ सफाई करके तैयारी पूरी कर ली गयी है और मंगलवार से पहला रोजा शुरू हो रहा है। रमजान एक पवित्र महीना है जिसको साल भर से हर रोजेदार को इन्तेजार रहता है। रमजान में हर रोजादार खुदा का मेहमान होता है सुबह भोर में सहरी करके दिनभर भूख और प्यास की हालत में रोजा रखकर शाम को सूरज डूबने के बाद अफतार किया जाता है। साल भर की इबादत और रमजान के एक माह की इबादत में बहुत सवाब है। रोजा रख कर नमाज और कुरान की तलावत करने में सत्तर गुना सवाब है और एक माह रोजा रखकर इबादत करने पर इन्सान हर गुनाह व बुराई से दूर रहता है और उस का दिल बहुत खुश रहता है खुदा ने रोजा रखने का इसलिए आदेश दिया है कि लोगों को गरीबों की जिन्दगी का एहसास हो सके और भूखे प्यासे गरीबों की मदद लोग कर सके। एक माह रोजा रखने के बाद फितरा निकाला जाता है जो गरीबो को दिया जाता है ताकि उनकी भी ईद हो सके इसकी जानकारी हैदर अब्बास खानअध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुरी ने दी है।

श्याम खांटू बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया

जौनपुर। श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का सतरंगी फागुन धमाल एवम विशाल भंडारा का आयोजन दिन रविवार को गौशाला निकट राजा फाटक पर किया गया । जहाँ पर बड़ी संख्या में भक्तों ने रात भर भंडारा में भाग लिया श्री खांटू जी महाराज का सतरंगी फागुन धमाल बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें श्याम खांटू बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया था बाबा का भव्य श्रृंगार देखकर लोगो का ध्यान बरबस भक्ति भाव में लीन हो जा रहा था । बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया था तथा अखंड ज्योत जलाई गयी टाटानगर जमशेदपुर,एवं झारखंड से आए कलाकार अनुभव अग्रवाल ने अपनी भजनों के माध्यम से लोगों को खूब रिझाया झुमाया कार्यक्रम के अंत में महा आरती तथा प्रसाद वितरण किया गया ।

सामूहिक विवाह में 21 जोड़े परिणयाबद्व

जौनपुर (आरएनएस)। शीतला चौकियां धाम में विगत वर्षों की भांती इस वर्ष भी मां शीतला जन कल्याण सेवा समिति ट्रस्ट के बैनर तले मुख्य आयोजनकर्ता आशीष माली द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 21 नवदंपात्ति जोड़े ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेने के साथ सात वचन जीवन संबंध निभाने वादे पूरे कर दांपत्य जीवन के सूत्र में बंधे। कार्यक्रम की पूर्व मां शीतला माता रानी के चित्र पर मुख्य अतिथि शीतला चौकियां धाम मन्दिर के महंत विवेकानंद पंडा, कमला प्रसाद मिश्रा, आदि ने मां शीतला माता रानी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। समारोह के दौरान पांच वर्षीय एक्टर गुनगुन ने ओ बाबुल प्यारे गीतों शानदार प्रस्तुति कर सबको भाव विभोर कर दिया। दूसरी प्रदुम्म डांस व काशी डांस के बच्चो ने शानदार प्रस्तुति दी । विवाह समारोह के दौरान एक ही मंच पर मौजूद 21 नवदंपत्ति जोड़ो के सिंदूरदान के बाद पंडाल में मौजूद सभी की आंखे नम हो गई । बारात में सभी वधु को पायल ,बिछिया, सोने के नथ, बर को कलाई घड़ी, समेत ग्रहस्थ कार्य संबंधित पूर्ण समाग्री दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष किन्नर पायल,नेहा सेठ, आदि मौजूद रहे। अतिथियों को आयोजक ने माताराानी का स्मृति चिन्ह भेंट स्वरुप देकर सम्मानित कर अभार व्यक्त किया।

संपादकीय

कांग्रेस के लिए ओडिशा में मौका

कांग्रेस पार्टी पिछले 24 साल से ओडिशा में सत्ता से बाहर है। लोकसभा चुनाव में भी उसका वोट आधार लगातार सिमटता गया है और पिछली बार उसे साढ़े 13 फीसदी के करीब वोट मिला था। असल में 15 साल पहले बीजू जनता दल और भाजपा का तालमेल समाप्त होगा और उसके बाद दोनों अलग अलग चुनाव लड़ते हैं। इससे धीरे धीरे कांग्रेस तीसरे नंबर की पार्टी हो गई। अब फिर से बीजद और भाजपा साथ आ रहे हैं तो कांग्रेस को मौका बन रहा है कि वह अपने प्रदर्शन में सुधार करे। हालांकि कांग्रेस के केंद्रीय नेता इसके लिए पहले से तैयार नहीं थे। उनको नहीं लग रहा था कि बीजद और भाजपा में तालमेल होगा। अब कहा जा रहा है कि पार्टी ने मेहनत शुरू की है। पूर्व आईपीएस अधिकारी और झारखंड से सांसद रहे डॉक्टर अजय कुमार ओडिशा के प्रभारी हैं और वे पार्टी को अपने पैरों पर खड़ा करने की कोशिश में लगे हैं। पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना की कांग्रेस में वापसी हुई है। वे तटीय ओडिशा के मजबूत नेता हैं और कटक, केंद्रपाड़ा और बालासोर तीन सीटों से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। उससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री गिरधर गमांग ने सपरिवार कांग्रेस में वापसी की। इससे कांग्रेस की उम्मीदें जिंदा हुई हैं और पार्टी के नेताओं को लग रहा है कि इस बार प्रदर्शन में थोड़ा सुधार हो सकता है।

भाजपा के सहयोगियों की चिंता

भारतीय जनता पार्टी ने सहयोगियों की चिंता बढ़ा दी है। वह जिस तरह से एक एक सीट के लिए मोलभाव कर रही है और सभी छोटी पार्टियों को कम सीटों पर समझौता करने के लिए मजबूर कर रही है उससे सहयोगी परेशान हुए हैं। पहले उत्तर प्रदेश में भाजपा ने जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें दीं और साथ ही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी व निषाद पार्टी को एक एक सीट देने का फैसला किया तो अब महाराष्ट्र से खबर आ रही है कि भाजपा वहां अजित पवार की असली एनसीपी को सिर्फ चार से पांच सीट देने वाली है। पहले एनसीपी का दावा 12 सीटों का था। बाद में कहा गया कि आठ सीटें मिलेंगी। फिर जब अमित शाह सीटों के बंटवारे पर बात करने महाराष्ट्र पहुंचे तो कहा गया कि अजित पवार को छह सीटें मिल सकती हैं। लेकिन अब खबर आ रही है कि चार सीटें देने की बात हो रही है। इसी तरह असली शिव सेना यानी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट को आठ से 10 सीट देने की बात हो रही है। सोचें, शिंदे गुट के पास 13 लोकसभा सांसद हैं। लेकिन भाजपा उनको आठ से 10 सीट का प्रस्ताव दे रही है। खुद भाजपा 32 से 34 सीट लडना चाहती है। उसका प्रस्ताव है कि शिंदे गुट के कुछ सांसदों को वह अपने चुनाव चिन्ह पर लड़ा सकती है। जानकार सूत्रों का कहना है कि बिहार में भी भाजपा की छोटी सहयोगी पार्टियां बिलबिला रही हैं क्योंकि किसी को भी एक से ज्यादा सीट नहीं मिलती दिख रही है। नीतीश कुमार 15 से 16 सीट पर वीटो करके विदेश चले गए। इसका नतीजा है कि जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा दोनों को एक एक सीट का प्रस्ताव मिल रहा है और एनडीए का दरवाजा खटखटा रहे मुकेश सहनी को भी एक सीट से ज्यादा देने की संभावना नहीं दिख रही है। लोक जनशक्ति पार्टी को पिछली बार छह सीटें मिली थीं लेकिन इस बार उसे दोनों खेमों को मिला कर पांच सीट दिए जाने पर बातचीत हो रही है। सो, हर जगह भाजपा की सहयोगी पार्टियों को समझौता करना होगा। लोकसभा सीट के बदले भाजपा उनको राज्यों में कोई पद दे सकती है। विधानसभा की ज्यादा सीट दे सकती है या जहां विधान परिषद है वहां सीट दे सकती है लेकिन लोकसभा सीट पर गुंजाइश कम है।

विशेष लेख कृषक उन्नति योजना - खेती-किसानी से खुलेंगे समृद्धि के द्वार

छत्तीसगढ़ सरकार ने किसान हितैषी निर्णय लेते हुए समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की है। साथ ही किसानों को दो साल का बकाया बोनस राशि के रूप में 3716 करोड़ की राशि सीधे उनके बैंक खाते में दी है। इसके अलावा कृषि मजदूरों को भी राहत देने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूर को साल में 10 हजार रूपए की राशि दी जाएगी। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के 23 लाख से ज्यादा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का भी लाभ मिल रहा है। इस योजना में किसानों को तीन किश्तों में साल में 6 हजार रूपए की राशि केन्द्र सरकार के द्वारा सीधे किसानों के बैंक खातों में दी जा रही है। केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में धान के विपुल उत्पादन को देखते हुए केन्द्रीय पूल में 74 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करने का लक्ष्य दिया है।

भाजपा को गठबंधन का सहारा

हरिशंकर व्यास

उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराने वाली भाजपा की नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने चुनौती दी है कि कांग्रेस या राहुल गांधी कभी सपा या बसपा का समर्थन लिए बगैर लड़ कर दिखाएं। सोचें, यह बात भाजपा कह रही है, जिसने विपक्षी गठबंधन के मुकाबले दिल्ली में 38 पार्टियों को इकट्ठा किया था और दिखाया था कि उसके पास ज्यादा पार्टियां हैं। भाजपा देश भर में खोज खोज कर छोटी बड़ी पार्टियों से तालमेल कर रही है।

दूसरी पार्टियों से खोज खोज कर नेता निकाल रही है और उनको भर्ती मेला लगा कर अपनी पार्टी में शामिल करा रही है। उसके नेता दूसरी पार्टियों को चुनौती दे रहे हैं कि वे बिना गठबंधन के राजनीति करके दिखाएं! यह मौजूदा भारतीय राजनीति की विडम्बना है।

बहरहाल, भाजपा इस बार 370 सीटें जीतने का दावा कर रही है लेकिन असल में उसका लक्ष्य 272 सीटों के जादुई आंकड़े तक पहुंचने का है और इसके लिए उसके पास सिर्फ गठबंधन का सहारा है। प्रधानमंत्री के तमाम जादू और करिश्मे के बावजूद भाजपा अपने दम पर सिर्फ गिने चुने राज्यों में ही चुनाव लड़ रही है। कर्नाटक में जहां उसने पिछले चुनाव में अपने दम पर 25 सीटें जीती थीं और उसके समर्थन से एक निर्दलीय उम्मीदवार भी जीती थीं वहां भी उसे जनता दल एस से तालमेल की जरुरत पड़ गई है।

वह तीन या चार सीट देकर जेडीएस के साथ चुनाव लड़ रही है। आंध्र प्रदेश में पिछली बार उसे एक फीसदी से भी कम वोट मिले थे और पूरे पांच साल पार्टी ने जगन मोहन रेड्डी के प्रति सद्भाव रखा। लेकिन अब टीडीपी और जन सेना पार्टी के साथ तालमेल किया जा रहा है ताकि खाता खुल सके। तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्ना डीएमके के संस्थापक एमजी रामचंद्रन की खूब तारीफ करके तालमेल का रास्ता बनाने का प्रयास किया लेकिन अन्ना डीएमके तैयार नहीं हुई। सो, तमिल मनीला कांग्रेस जैसी कुछ छोटी पार्टियों से भाजपा तालमेल कर रही है।

बदायूं नहीं, संभल से चुनाव लड़ना चाहते हैं शिवपाल सिंह यादव, अखिलेश यादव की मुश्किल बढ़ी

शिवपाल की पहली पसंद संभल बताई जा रही है। सपा ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया था, लेकिन उनका देहांत हो चुका है, जिसकी वजह से यहां नये उम्मीदवार की तलाश की जा रही है। इसलिए पहले उनका बदायूं आगमन टला, फिर लगातार दूसरी बार उनके बेटे आदित्य यादव का भी दौरा टल गया। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की बदायूं लोकसभा सीट को लेकर गफलत में नजर आ रही है। चर्चा है कि एक बार फिर सपा आलाकमान ने वहां से शिवपाल यादव की उम्मीदवारी खारिज कर दी है। शिवपाल स्वयं चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे थे या फिर यह पार्टी आलाकमान का फैसला है इस पर अभी स्थिति साफ नहीं हो पाई है। लोकसभा चुनाव को लेकर बदायूं में सपा की सियासी करवट पर सपा के दिग्गजों में हर स्तर पर दो तरह की राय सामने आईं हैं। एक बड़ा वर्ग बदायूं से सांसद रहे धर्मेंद्र यादव को फिर से उम्मीदवार बनाना चाहता है, जबकि सपा के ही कुछ नेता धर्मेंद्र यादव से नाराज बताये जाते हैं। वह उनको न लड़ाए जाने का आग्रह पिछले दिनों सपा मुखिया अखिलेश यादव से भी कर चुके हैं। इसके बाद ही धर्मेंद्र यादव के स्थान पर शिवपाल सिंह यादव का नाम आया था। अब सपा के सूत्रों का कहना है कि खुद शिवपाल सिंह यादव बदायूं से चुनाव लड़ने के लिए उत्साहित नहीं हैं। सूत्र बताते हैं कि शिवपाल की पहली पसंद संभल बताई जा रही है। सपा ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया था, लेकिन उनका देहांत हो चुका है, जिसकी वजह से यहां नये उम्मीदवार की तलाश की जा रही है। इसलिए पहले उनका बदायूं आगमन टला, फिर लगातार दूसरी बार उनके बेटे आदित्य यादव का भी दौरा टल गया। आदित्य यादव को अपने पिता शिवपाल यादव की चुनावी कमान संभालने के लिए यहां आना था। उनका दो बार दौरा लगा पर एक बार भी नहीं आए। संभल एक मुस्लिम बाहुल्य सीट है और यहां से सपा कई चुनाव जीत चुकी है। सपाइयों ने बताया था कि आदित्य यादव का आज यानी 11 मार्च को बदायूं में आने का कार्यक्रम था, सपाइयों ने उनके स्वागत और चुनावी अभियान की शुरुआत को लेकर तैयारी बैठक कर ली, लेकिन एक दिन पहले 10 मार्च को उनका कार्यक्रम निरस्त होने की जानकारी सामने आई।

इसकी पुष्टि सपा के स्थानीय पदाधिकारियों ने भी की। बताया गया कि आदित्य यादव का कार्यक्रम टल गया है। इससे अब उम्मीदवार बदले जाने की संभावना जताई जाने लगी है। इसकी पुष्टि इससे भी होती है कि अब तक कोई चुनावी बैठक भी नहीं हुई है। फिलहाल, स्थानीय पदाधिकारियों की निगाहें नेतृत्व के फैसले पर टिकी हैं। गौरतलब है कि बदायूं मुस्लिम और यादव बहुल सीट है। इसी समीकरण से किसी समय यह सपा की मजबूत सीट मानी जाती थी, लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चचेरे भाई और सांसद रहे धर्मेंद्र यादव को शिकस्त देने के लिए संघमित्रा मौर्य को मैदान में उतारा था। भाजपा प्रत्याशी से धर्मेंद्र यादव हार गए थे। चुनाव के बाद सियासी घटनाक्रम बदलता रहा। संघ मित्रा के पिता स्वामी प्रसाद मौर्य सपा में रहे। सपा में रहते केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर सियासी हमले किए। तब से भाजपा के अंदर उनकी बेटी के टिकट लेकर संशय हो गया है। पहली लिस्ट में नाम न आने पर संशय और बढ़ा है। स्वामी प्रसाद मौर्य के सपा से नाता तोड़ने के बाद सपा आलाकमान बदायूं सीट को लेकर काफी गंभीर हो गया है।

इस सीट को सपा ने अपने पाले में करने के लिए शिवपाल सिंह यादव को मैदान में उतारा है। यह अलग बात है कि शिवपाल सिंह के आने के बाद पूर्व

केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी और सपा केराष्ट्रीय सचिव रहे आबिद रजा की चुनौती सामने आई है। दोनों ने सेक्युलर फ्रंट बनाकर सहसवान में बड़ी रैली की। इसके बाद सपा के लिए बड़ी चुनौती सामने आ रही है। पार्टी बदायूं में जिस तरह से अंतरकलह से जूझ रही है, उससे लगता है कि सपा के लिये यहां चुनाव जीतना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

मोदी पर निजी हमला कर विपक्ष ने चुनावों से पहले खुद के पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है

2014 के चुनाव में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पीएम मोदी पर एक और हमला किया था। अय्यर ने कहा था कि वो चायवाला क्या प्रधानमंत्री बनेगा। इस बयान पर भाजपा कांग्रेस पर लगातार हमलावर रही थी। पीएम ने अय्यर की टिप्पणी पर जवाब अपने ही अंदाज में दिया था। 20 सितंबर 2018 को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान में आदिवासी जिले डूंगरपुर के सागवाड़ा में एक जनसभा में एक कहावत का उपयोग करते हुए राफेल मामले में प्रधानमत्री पर अमर्यादित टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने पीएम पद की गरिमा का खयाल भी नहीं रखा। राहुल गांधी ने कहा, 'गली–गली में शोर है, देश का चौकीदार चोर है।' राहुल गांधी की चौकीदार चोर की टिप्पणी के बाद पूरे देश में इस शब्द को लेकर ही आंदोलन शुरू हो गया था। बीजेपी के तमाम नेताओं ने अपने नाम के आगे 'मैं भी चौकीदार' जैसे शब्द लिखने शुरू कर दिए थे। बाद में, चौकीदार चोर है का नारा देने के कारण राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी थी। 3 मार्च 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलांयस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पीएम मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है। वो पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है? लालू प्रसाद की आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया। पीएम ने कहा, 'मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।'पीएम मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद ही भाजपा ने नए अभियान की शुरुआत कर दी। अभियान का नाम दिया गया 'मोदी का परिवार।' फिर क्या था बीजेपी के तमाम आला नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिया। वास्तव में, लालू के हमले को ही मोदी ने हथियार बनाते हुए अपने चुनावी अभियान में शामिल कर लिया।

सूची घोषित करती कांग्रेस और सेंध लगाती भाजपा

अरुण पटेल

लोकसभा चुनाव में 400 पार की जुगत करने के लिए जहां भाजपा अपने सहयोगियों की संख्या बढ़ाती जा रही है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं का पलायन भी भाजपा की ओर उसी तेजी से हो रहा है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की न्याय यात्रा जहां–जहां से गुजर रही है वहां भी कोई न कोई बड़ा कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हो रहा है। मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा कांग्रेस के बड़े–बड़े नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने का अभियान छेड़े हुए हैं ताकि कांग्रेस को मैदान के साथ ही मनोवैज्ञानिक शिकस्त भी दें तथा कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में जो हार की हताशा से उबरने की कोशिश कर रहे हैं फिर नैराश्य की वादियों में खो जायें। फिलहाल तो छत्तीसगढ़ में कोई दलबदल अभी तक नहीं हुआ है लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते इसकी संभावना को नकारा भी नहीं जा सकता क्योंकि भाजपा ऐन केन प्रकारेण कांग्रेस को राजनीतिक फलक पर अप्रासंगिक करने की मुहिम छेड़े हुए है। लेकिन इसके साथ ही कांग्रेस के उन कार्यकर्ताओं व नेताओं में उम्मीद भी जाग रही है कि अब उन्हें अपनी पार्टी में कुछ मौका मिल जाये जिन्हें नेताओं की गणेश परिक्रमा न करने के कारण कोई मौका नहीं मिल पाता था। कांग्रेस ने 39 उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की है उसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल और अभी तक सबको चुनाव लड़ाने वाले और राज्यसभा के माध्यम से सांसदी का लाभ लेने वाले के. सी.वेणुगोपाल को भी अब लोकसभा चुनाव लडना होगा। इस प्रकार कुछ और कांग्रेस नेताओं की अग्नि परीक्षा अब चुनाव में हो सकती है जो अभी तक चुनाव से बचते रहते थे।

मध्यप्रदेश में कांग्रेस के एक बड़े नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पचौरी ने आज अपने अधिकांश समर्थकों के साथ भाजपा में प्रवेश कर लिया है। जो लोग भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें इंदौर के पूर्व कांग्रेसी विधायक विशाल पटेल, संजय शुक्ला और पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी, समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक और अब कांग्रेस नेता बने अर्जुन पलिया, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष रहे आलोक चंसोरिया, भोपाल नगर पालिक निगम के सभापति रहे कैलाश मिश्रा तथा योगेश शर्मा, अतुल शर्मा, सुभाष यादव, दिनेश ढिमोले, जसपाल सिंह अरोरा शामिल हैं। इस अवसर पर सुरेश पचौरी ने कहा कि भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हो रहा था जिसके निमंत्रण पत्र को अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर जब ठुकरा दिया गया तब मुझे आघात पहुंचा, मैं अयोध्या में राम मंदिर का पक्षधर आरंभ से रहा हूं, निमंत्रण पत्र को अस्वीकार करने की आवश्यकता नहीं थी। मैं स्वामी शंकराचार्य स्वरुपानंद का दीक्षित शिष्य हूं मुझे तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भेजा कि जाओ शंकराचार्य जी से पूछ कर आओ कि क्या करना है, तो उन्होंने कहा कि अयोध्या में शिलान्यास हो और मंदिर बने। सितम्बर 1999 में राजीव जी ने जवाब दिया कि तदानुसार काम हो फिर हम तत्कालीन गृहमंत्री बूटासिंह के साथ गये और वहां शिलान्यास किया। वहां अशोक सिंघल जी भी थे, फिर अब निमंत्रण पत्र अस्वीकार करने की आवश्यकता कहां से पड़ गयी। राम मंदिर का ताला खुलना, शिलान्यास होना किसके कार्यकाल में हुआ यह बोला जा सकता था।

भाजपा में उपरोक्त नेताओ को शामिल करने के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन वास्तव में एक नया इतिहास बनने जा रहा है। वैसे तो सबको आहट थी कि जहां–जहां राहुल गांधी जाते हैं वहां कांग्रेस के काम करने के तरीके का असर आता है। अच्छे स्थापित स्वच्छता के साथ राजनीति करने वाले, मन की भावनाओं के आधार पर काम करने वाले नेता हर दल के अंदर होते हैं लेकिन साफ–सुथरी राजनीति करने वालों को काम करने की अनुकूलता देना, मौका देना, यह नेतृत्व पर निर्भर करता है। यह दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस का नेतृत्व ऐसे स्वच्छता व साफ सोच के साथ राजनीति करने वाले नेता जो देश के विकास के लिए राजनीति करते हैं ऐसे लोगों को निराश करता है, ऐसे में कोई भी स्वाभिमानी व्यक्ति कांग्रेस के लिए काम नहीं करना चाहेगा। मैं तो कहूंगा कि राहुल गांधी दो–तीन यात्राएं और निकालें क्योंकि अभी जहां–जहां राहुल गांधी जाते हैं वहां–वहां कांग्रेस साफ होती जा रही है। डॉ. यादव ने कहा कि महात्मा गांधी की भावना को सही साबित करने का काम राहुल गांधी कर रहे हैं, महात्मा गांधी ने कहा था कि आजादी के बाद कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना था कि आज की घटना मध्यप्रदेश की राजनीति की असाधारण घटना है। सुरेश पचौरी जी के संस्कारों का मैं आरंभ से ही कायल था। वह दो–दो पीएम के साथ रहे लेकिन उनके दामन में एक भी दाग नहीं लगा, जिन पदों पर उन्होंने काम किया वहां उन्होंने एक अलग छाप छोड़ी। कांग्रेस का दुर्भाग्य है कि वह एक दिशाहीन नेता के नेतृत्व में काम कर रही है। यह अदभुत समय है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पीछे पूरा हिंदुस्तान खड़ा है, पचौरीजी मेरे सीनियर रहे हैं, मैं उनका जूनियर रहा हूं। अब साथ काम करने का मौका मिलेगा। राम वन पथ गमन का विकास

डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही राम वन पथ गमन के विकास में गति आ गयी है। पहले आरंभ में शिवराज सिंह चौहान की सरकार में जोरशोर से राम पथ गमन का काम आरंभ हुआ था, लेकिन फिर उसकी गति कुछ धीमी हो गई। बाद में एक प्रकार से वहां नाममात्र के काम ही हुए। लेकिन डेढ़ दशक बाद जब कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनी तब उन्होंने फिर से इसकी सुध ली और काम में तेजी आई। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व संभालने के साथ ही राम वन पथ गमन के जो काम हो रहे थे उनमें तेजी आ गयी और इसके विकास की जिम्मेदारी सात विभागों को दे दी गयी है। लोकसभा चुनावों के बाद ये विभाग पूरे विकास कार्यों का ब्लू प्रिंट तैयार करेंगे। पहले चरण में चित्रकूट और अमरकंटक को लिया जायेगा जिसका मास्टर प्लान बनेगा ताकि इन शहरों को सुव्यवस्थित बनाया व बसाया जा सके। धार्मिक पर्यटन के लिए विशेष सुविधायें उपलब्ध कराई जायेंगी। राम वन पथ गमन का विकास, केंद्र सरकार की ईको पर्यटन योजना से किया जायेगा। प्रदेश से पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, नगरीय प्रशासन, धर्मस्व, संस्कृति, पर्यटन, जल संसाधन, राजस्व, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा लोक निर्माण विभाग सहयोग करेंगे। मध्यप्रदेश के हिस्से वाले चित्रकूट का विकास मध्यप्रदेश सरकार करेगी और इसके लिए चित्रकूट को जिला भी बनाया जा सकता है। मध्यप्रदेश सरकार चित्रकूट में अंतर्राष्ट्रीय रामलीला कराने पर विचार कर रही है, इसके साथ ही दीपावली के समय विभिन्न तरह के उत्सव व धार्मिक आयोजन किए जायेंगे। त्यौहारों के उत्सव का काम संस्कृति विभाग करेगा। ग्रामीण विकास व पर्यटन विभाग घाटों का विकास करेगा। मंदाकिनी घाट का विकास ये दोनों विभाग करेंगे। जल संसाधन विभाग मंदाकिनी की धारा को अविरल बनाने का काम करेगा। नदी के ऊपर बने चेक डेम से पानी छोडने पर और बारिश के पानी को छोटे डेमो से रोकने का काम किया जायेगा। वन विभाग औषधि वन लगाने का काम करेगा। चित्रकूट और अमरकंटक में औषधि वन तैयार करने का काम वन विभाग को सौंपा गया है। वन विभाग इन क्षेत्रों में पाये जाने वाले औषधि पौधों का संरक्षण करेगा।और यह भी

सुरेश पचौरी ने कहा है कि हमें कैलाश विजयवर्गीय से मंत्र सीखना है कि चुनाव लड़ें तो जीता कैसे जाता है। मेरा ध्येय समाज सेवा और राष्ट्र सेवा का था। आज जातिवाद की बात हो रही है इससे जाति संघर्ष बढ़ रहा है। पिछले दिनों से जो राजनीतिक व धार्मिक निर्णय कांग्रेस में हो रहे हैं वह दुखी करने वाले हो रहे हैं। कांग्रेस महामंत्री डॉ. रवि सक्सेना ने ट्वीटर के माध्यम से प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस ने जिन्हें दोनों हाथों से भरपूर मान–सम्मान और पद–प्रतिष्ठा दी उन्होंने ही की गद्दारी,

आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम कर सकते हैं। घर–परिवार का वातावरण शांतिदायक बना रहेगा। आपका आध्यात्मिकता की ओर रुझान हो सकता है। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न हो सकते हैं। घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। करियर में आपको कोई बड़ी सफलता हासिल हो सकती है।

वृष राशि–आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको किसी से कोई उपहार मिलेगा। इससे आपका मन खुश रहेगा। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त–दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा–पूरा सहयोग मिलेगा।

मिथुन राशि–आज आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिल सकती है। करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त हो सकता है। आप नकारात्मक सोच रखकर स्वयं को थोड़ा उदास रख सकते हैं। आप किसी काम को लेकर भी चिंतित रहेंगे। परिवार वालों के साथ किसी टूर का प्लान बना सकते हैं।

कर्क राशि–आज आपका दिन ठीक–ठाक रहेगा। आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिल सकती है। आपकी सेहत में उतार–चढ़ाव रहेगा, जिससे काम में मन कम लगेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा ना करें। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकते हैं।

सिंह राशि– आज आपका दिन बढिया रहेगा। आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता हो सकती है। आज आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। आज आप खुद तो गौरवानवित महसूस करेंगे। आज परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। आपको व्यापार में मुनाफा होगा। आपका स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा।

कन्या राशि–आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है। उन्हें काम से जुड़ी कोई खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार घर में रौनक का माहौल बना देगा।

तुला राशि–आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। कारोबार संबंधी यात्राओं का योग बन रहा है, जिससे आपको धन संबंधी फायदा होगा। काम की गति धीमी हो सकती है।

जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का प्रोग्राम आपको कैंसिल करना पड़ सकता है। किसी के प्रति अपनी राय को अपने तक ही सीमित रखना चाहिए। तली–भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए।

वृश्चिक राशि–आज आप अपने माता–पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। जीवनसाथी के बीच सामंजस्य बना रहेगा। किसी मित्र के साथ मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। लवमेट के लिए आज का दिन बढिया है।

धनु राशि–आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कोई जरूरी घरेलू काम निपटाने में आप सफल रहेंगे। प्रेम–संबंध में आपको कोई सुखद सरप्राइज मिलेगा। दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। धन से जुड़ी छूमंतर हो जाएगी। साथ ही रुके हुए धन की प्राप्ति भी होगी। कार्य क्षमता के बल पर आपको आगे बढने के कई मौके मिलेंगे।

मकर राशि–आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आप अपनी ऊर्जा अच्छे कार्यों में लगा सकते हैं। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिल सकता है। आपको अपनी मेहनत के हिसाब से फल की प्राप्ति हो सकती है। नए व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा फायदेमंद हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपका मन उत्साह से भरा हो सकता है।

कुंभ राशि–आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। घर–परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। विद्यार्थी अपना समय अध्ययन में लगाएंगे, इससे उन्हें सफलता मिलेगी। आप सुबह के समय वर्क आउट शुरू कर सकते हैं, जिससे आप चुस्त–दुरुस्त बने रहेंगे। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

पाकिस्तान में हाल में हुई बारिश के कारण दिलीप कुमार का पैतृक आवास क्षतिग्रस्त

मूसलाधार बारिश ने घर के पुनर्वास और नवीनीकरण के बारे में खैबर पख्तूनख्वा के पुरालेख विभाग के बड़े–बड़े दावों की पूरी तरह से पोल खोल दी है। दिलीप कुमार का जन्म 1922 में पेशावर शहर के ऐतिहासिक किस्सा ख्वानी बाजार के पीछे मुहल्ला खुदादाद में स्थित इस घर में हुआ था और 1932 में भारत जाने से पहले उन्होंने अपने शुरुआती 12 साल यहीं बिताए थे।

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित दिवंगत अभिनेता दिलीप कुमार का पैतृक आवास हाल में हुई बारिशों के चलते गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त होने के बाद लगभग ढहने के कगार पर है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मूसलाधार बारिश ने घर के पुनर्वास और नवीनीकरण के बारे में खैबर पख्तूनख्वा के पुरालेख विभाग के बड़े–बड़े दावों की पूरी तरह से पोल खोल दी है। दिलीप कुमार का जन्म 1922 में पेशावर शहर के ऐतिहासिक किस्सा ख्वानी बाजार के पीछे मुहल्ला खुदादाद में स्थित इस घर में हुआ था और 1932 में भारत जाने से पहले उन्होंने अपने शुरुआती 12 साल यहीं बिताए थे।

पाकिस्तान बना मोहरा, कैसे चीन ने दाने–दाने को तरसते मुल्क को बुरी तरह फंसा दिया

पाकिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव में आसिफ अली जरदारी की जीत के बाद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बाछें खिल गईं। मिस्टर 10 पर्सेंट के नाम से कुख्यात जरदारी को उन्होंने ऐसी मुबारकबाद पेश की जिससे लगा कि पाकिस्तान में मेड इन चाइना राष्ट्रपति की ताजपोशी हुई है। पाकिस्तान के चुनाव में चालबाजी हुई। धांधली की खबरों से पूरी दुनिया में पाकिस्तान ने जग हंसाई करा ली। पाकिस्तान में सरकार बनाने की पैंतरेबाजी से अब चीन को भी चक्कर आ रहे हैं। लेकिन आखिरकार चीन इस मेड इन चाइना का ठप्पा सरकार में लगाने में कामयाब हो ही गया है। इससे पहले लगातार यह खबरें आ रही थी कि भारत विरोधी मुहिम चलाने के लिए चीन को पाकिस्तान जैसे चेहरे की जरूरत अक्सर पड़ती रहती है। इसलिए जिन पिक के चेहरे पर एक खास सुकून देखने को मिल रहा है। मिस्टर 10: आसिफ अली जरदारी भी अब राष्ट्रपति बन गए हैं। वो चीन के पुराने चाटुकार रहे हैं और इससे पहले पाकिस्तान के नए पीएम शाहबाज शरीफ ने एक बार फिर तिकड़मबाजी से गद्दी हासिल कर ली है। वहीं पाकिस्तान के पिट्ठू जनरल आसिम मुनीर भी पहले से ही चीन के चेले बने हुए हैं। पाकिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव में आसिफ अली जरदारी की जीत के बाद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बाछें खिल गई। मिस्टर 10 पर्सेंट के नाम से कुख्यात जरदारी को उन्होंने ऐसी मुबारकबाद पेश की जिससे लगा कि पाकिस्तान में मेड इन चाइना राष्ट्रपति की ताजपोशी हुई है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने पाकिस्तान का राष्ट्रपति चुने जाने पर आसिफ अली जरदारी को बधाई देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच फौलाद जैसी मित्रता इतिहास की पसंद है और विश्व में मौजूदा बदलाव के मद्देनजर इन संबंधों का रणनीतिक महत्व और बढ़ गया है। लेकिन चीन दोस्ती के नाम पर पाकिस्तान का केवल इस्तेमाल ही करता है। पाकिस्तान की मीडिया में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि हिंदुस्तान की सैन्य तैयारियों से चीन के माथे पर बल पड़ गए हैं। इससे शी जिनपिंग टेंशन में है। पाकिस्तान के लोगों को भी इस बात का अहसास हो गया है कि भारत के खिलाफ चीन केवल पाकिस्तान को मोहरा बना रहा है।

अमेरिका के आर्कंसा में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत, कई घायल

पुलिस के अनुसार, हमलावर के परिचित एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि घटना में हमलावर की भी मौत हो गयी। उसने बताया कि एक अन्य महिला घायल हो गयी है जो हमलावर की परिचित बतायी जा रही है। अमेरिका के आर्कंसा राज्य में एक निजी पार्टी के दौरान गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य लोग घायल हो गए हैं। जोन्सबोरो पुलिस ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि जब अधिकारी रविवार सुबह पांच बजे जोन्सबोरो के मुख्य इलाके में पहुंचे तो घटनास्थल पर कई पीड़ित घायल अवस्था में मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस के अनुसार, हमलावर के परिचित एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि घटना में हमलावर की भी मौत हो गयी। उसने बताया कि एक अन्य महिला घायल हो गयी है जो हमलावर की परिचित बतायी जा रही है। पुलिस ने रविवार दोपहर को बताया कि घटना में तीन अन्य लोग भी घायल हुए हैं जिनका हमलावर से कोई संबंध नहीं है। गोलीबारी में घायल एक अन्य व्यक्ति को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने गोलीबारी की वजह या अस्पताल में भर्ती लोगों की स्थिति के बारे में अभी कुछ नहीं बताया है। मामले की जांच की जा रही है।

आस्ट्रेलिया कूड़ेदान में मिला हैदराबाद की महिला की लाश

हैदराबाद की एक 36 वर्षीय महिला की ऑस्ट्रेलिया में हत्या कर दी गई। कथित तौर पर उसका शव शनिवार को बकले में एक सड़क के किनारे एक व्हीली बिन में पाया गया था। महिला की पहचान चौतन्य मधागनी के रूप में हुई है। विक्टोरिया हैदराबाद की एक 36 वर्षीय महिला की ऑस्ट्रेलिया में हत्या कर दी गई। कथित तौर पर उसका शव शनिवार को बकले में एक सड़क के किनारे एक व्हीली बिन में पाया गया था। महिला की पहचान चौतन्य मधागनी के रूप में हुई है, जो ऑस्ट्रेलिया में अपने पति और बेटे के साथ रह रही थी। उसका पति, जिसने कथित तौर पर उसकी हत्या की थी, भारत चला गया और अपने बच्चे को हैदराबाद में उसके माता–पिता को सौंप दिया।विक्टोरिया पुलिस ने 9 मार्च को अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा कि होमिसाइड स्क्वाड के जासूस आज दोपहर विनचेल्सिया के पास बकले में एक मृत व्यक्ति का पता चलने के बाद जांच कर रहे हैं। पुलिस ने कहा, ध्अधिकारियों ने दोपहर के समय मृत व्यक्ति को माउंट पोलक रोड पर पाया। पुलिस ने कहा कि दूसरा अपराध स्थल मिर्का वे, प्वाइंट कुक पर एक आवासीय पते पर स्थापित किया गया था और माना जाता है कि यह बकले हत्याकांड से जुड़ा हुआ है। विक्टोरिया पुलिस का बयान ध्जांचकर्ता मौत को संदिग्ध मान रहे हैं। जांच के इस स्तर पर, यह माना जाता है कि इसमें शामिल पक्ष एक–दूसरे को जानते हैं और अपराधी विदेश भाग गए होंगे। समुदाय के लिए तत्काल कोई खतरा नहीं है और कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पति ने पत्नी की हत्या करना कबूल कर लिया उप्पल विधायक बंडारी लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि चूंकि मृतक उनके निर्वाचन क्षेत्र से था, इसलिए सूचना मिलने के बाद वह उसके माता–पिता से मिले। विधायक ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि, महिला के माता–पिता के अनुरोध पर, उन्होंने उसके शव को हैदराबाद लाने के लिए विदेश मंत्रालय (एमईए) को एक पत्र लिखा। विधायक ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी के कार्यालय को भी सूचित किया है। महिला का पति विमान से हैदराबाद गया और वहां बच्चे को उसके ससुराल वालों को सौंप दिया। इसके अतिरिक्त, विधायक ने उल्लेख किया कि, महिला के माता–पिता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उनके दामाद ने उनकी बेटी की हत्या करने की बात कबूलध की है।

मोदी ने यूक्रेन को बचा लिया! दोस्त पुतिन को न रोका होता तो कीव नागासाकी और हिरोशिमा जैसा शमशान बन जाता

पीएम मोदी दखल नहीं देते तो कीव नागासाकी और हिरोशिमा की तरह शमशान बन जाता है। कहा जा रहा है कि मोदी पुतिन को नहीं मनाते तो दुनिया का इतिहास–भूगोल सब बदल जाता। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध से कैसे बचा लिया आइए इसके बारे में आपको बताते हैं। रूस और यूक्रेन के बीच की जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त गुजर चुका है। वॉर कब खत्म होगी किसी को पता नहीं है। लेकिन ये वॉर परमाणु युद्ध में तब्दील क्यों नहीं हुई इसका खुलासा अमेरिकी मीडिया ने कर दिया। रूस यूक्रेन वॉर से जुड़े अमेरिकी ऑफिसर्स के हवाले से बड़ी जानकारी सामने आई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस युद्ध में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को रोकने में बड़ी भूमिका निभाई है। यानी पीएम मोदी दखल नहीं देते तो कीव नागासाकी और हिरोशिमा की तरह शमशान बन जाता है। कहा जा रहा है कि मोदी पुतिन को नहीं मनाते तो दुनिया का इतिहास–भूगोल सब बदल जाता। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध से कैसे बचा लिया आइए इसके बारे में आपको बताते हैं। भारतीयों को रूसी सेना में काम करने के लिए किया गया मजबूर? काम के नाम पर धोखा देने वाले एजेंटों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, डम। का बयान यूक्रेन रूस युद्ध के दो साल पूरे होने के बाद अब खुद ये बात दुनिया की सुपरपावर और यूक्रेन के रक्षा कवच बने देश अमेरिका का मीडिया ऑफिसर्स के हवाले से दुनिया को बता रहा है। राष्ट्रपति पुतिन रूस यूक्रेन वॉर के बीच में लगातार परमाणु हमले की धमकी देते रहे हैं। उन्होंने 2022 में यूक्रेन पर परमाणु हमले का पूरा मन बना लिया था। यानी नागासाकी और हिरोशिमा के बाद कीव पर दुनिया का तीसरा परमाणु हमला होने वाला था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के हस्तक्षेप ने दुनिया में होने वाली इस विनाशलीला को रोक दिया। अमेरिकी मीडिया ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि 2022 में यूक्रेन पर परमाणु हमले का प्लान रूस की तरफ से तैयार कर लिया गया था और व्लादिमीर पुतिन परमाणु हमले को लेकर गंभीरता से विचार कर रहे थे। तब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से ये परमाणु हमला रुका था। अमेरिकी अधिकारी मानते हैं कि भारत जैसे अहम सहयोगी देश के हस्तक्षेप से ही राष्ट्रपति पुतिन माने। रूस–यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से कई बार बात की थी। उज्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के मौके पर, पीएम मोदी ने पुतिन से कहा था कि मैं जानता हूं कि आज का युग युद्ध का युग नहीं है। जब अमेरिका ने गिराया परमाणु बम ये 1945 की बात है 6 अगस्त की तारीख और जापान में सुबह आठ बज रहे थे। एक जोर का धमाका हुआ और कुछ ही मिनटों के अंदर एक हंसता–खेलता शहर एक राख के ढेर में तब्दील हो गया। हम दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापान पर हुए परमाणु हमले की बात कर रहे हैं। इसके ठीक तीन दिन बाद यानी 9अगस्त को दूसरा परमाणु बम नागासाकी पर गिरा और दुनिया हमेशा के लिए बदल गई।

चीनं फिर कर रहा हिमाकत,मालदीव और हिंद महासागर में सर्विलांस जहाज के जरिए क्या है मंशा ?

समुद्री यातायात वेबसाइट हिंद महासागर क्षेत्र में दोनों सर्विलांस जहाजों को मालदीव में चीन समर्थक मुइज्जू सरकार के साथ कनेक्ट करके देख रही है जो जासूसी जहाज को माले में डॉक करने की अनुमति देती है। चीनी सैन्य अनुसंधान–सर्वेक्षण–सर्विलांस जहाज जियांग यांग होंग 3 ने वर्तमान में माले बंदरगाह पर लंगर डाल रखा है। वहीं अब एक अन्य सहयोगी जहाज जियांग यांग होंग 01 भारत के पूर्वी समुद्री तट पर निगरानी के लिए बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ रहा है। समुद्री यातायात वेबसाइट हिंद महासागर क्षेत्र में दोनों सर्विलांस जहाजों को मालदीव में चीन समर्थक मुइज्जू सरकार के साथ कनेक्ट करके देख रही है जो जासूसी जहाज को माले में डॉक करने की अनुमति देती है। चूंकि 01 जहाज का कोई सूचीबद्ध गंतव्य नहीं है, इसलिए खुफिया इनपुट से संकेत मिलता है कि जासूसी जहाज ऑपरेशनल टर्नअराउंड (ओटीआर) के लिए श्रीलंकाई बंदरगाह की ओर रुख करेगा। भले ही श्रीलंका ने पिछले 22 दिसंबर, 2023 को सर्वेक्षण जहाजों के खिलाफ एक साल की रोक की घोषणा की थी, लेकिन इनपुट से संकेत मिलता है कि जहाज डॉकिंग की अनुमति देने के दबाव में रानिल विक्रमसिंघे सरकार के साथ कोलंबो बंदरगाह पर डॉक कर सकता है। दोनों जहाजों की निगरानी भारतीय नौसेना द्वारा की जा रही है। समुद्री सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इन जहाजों का प्रत्यक्ष उद्देश्य आईओआर में भविष्य में पीएलए नौसेना के पनडुब्बी संचालन के लिए हाइड्रोग्राफी और हाइड्रोलॉजिकल सर्वेक्षण करना है। भारत के पूर्वी समुद्र तट पर चीनी जासूसी जहाजों की मौजूदगी बालासोर परीक्षण पर मिसाइल फायरिंग की निगरानी करना भी हो सकता है। विशाखापत्तनम के पास स्थित पनडुब्बी ले जाने वाली भारतीय परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल के हस्ताक्षर चुनने के अलावा रेंज। भारत के पास वर्तमान में तीन परमाणु–संचालित बैलिस्टिक मिसाइल ले जाने वाली पनडुब्बियां हैं और तीसरी वर्तमान में गहरे समुद्र में परीक्षण कर रही है।

चीन और पाकिस्तान से तनाव के बीच दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बना भारत! रूसी हथियारों पर निर्भरता कम की

भारत रूसी हथियारों पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है, पाकिस्तान और चीन के साथ बढ़ते तनाव का मुकाबला करने के लिए अपनी रक्षा खरीद में विविधता ला रहा है। 2014–18 और 2019–23 के बीच हथियारों के आयात में 4.7: की मामूली वृद्धि के बावजूद, भारत के आयात में रूसी हथियारों की हिस्सेदारी में भारी गिरावट आई है। एक महत्वपूर्ण भूराजनीतिक बदलाव के तहत, भारत रूसी हथियारों पर अपनी निर्भरता कम कर रहा है, पाकिस्तान और चीन के साथ बढ़ते तनाव का मुकाबला करने के लिए अपनी रक्षा खरीद में विविधता ला रहा है। 2014–18 और 2019–23 के बीच हथियारों के आयात में 4.7: की मामूली वृद्धि के बावजूद, भारत के आयात में रूसी हथियारों की हिस्सेदारी में भारी गिरावट आई है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2009–13 की अवधि में रूस की भारतीय हथियारों के आयात में हिस्सेदारी 76: से घटकर नवीनतम पांच साल की अवधि में 36: हो गई है। यह कदम 1960 के दशक के बाद पहली बार है कि भारत के आधे से भी कम हथियार आयात रूस से होते हैं। इसके बजाय, भारत अपनी बढ़ती रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए फ्रांस और अमेरिका जैसे पश्चिमी देशों की ओर रुख कर रहा है, साथ ही अपने घरेलू हथियार उद्योग को भी बढ़ावा दे रहा है। भारत की रक्षा खरीद रणनीति में बदलाव उसके नए ऑर्डर और हथियार खरीद योजनाओं में स्पष्ट है, जिसमें अब रूसी विकल्पों को छोड़कर, पश्चिमी आपूर्तिकर्ताओं की भारी सुविधा है। यह परिवर्तन अपनी हथियार आपूर्ति श्रृंखला के विविधीकरण के माध्यम से अपनी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में भारत की रणनीतिक धुरी को रेखांकित करता है। लड़ाकू विमानों सहित महत्वपूर्ण सौदों के साथ फ्रांस विशेष रूप से एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गया है, जो भारत और पश्चिमी देशों के बीच गहरे रक्षा संबंधों को रेखांकित करता है। एसआईपीआरआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करते हुए एक प्रमुख हथियार आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है। क्षेत्रीय सुरक्षा गतिशीलता यह रणनीतिक पुनर्गठन पड़ोसी पाकिस्तान और चीन के साथ बढ़े तनाव की पृष्ठभूमि में आया है। दुनिया के पांचवें सबसे बड़े हथियार आयातक पाकिस्तान में हथियारों के आयात में 43: की वृद्धि देखी गई है, जिसमें चीन इसका प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। चीन–पाकिस्तान रक्षा साझेदारी के मजबूत होने से, पाकिस्तान के 82: हथियार आयात चीन से होते हैं, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा जटिलताएँ बढ़ गई हैं।

पत्नी, तीन बच्चों की हत्या के बाद व्यक्ति ने की आत्महत्या

थोएम्स ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पति ने अपनी पत्नी और बच्चों पर जानलेवा हमला किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या पुरुष ने स्वयं को चाकू मारा तो उन्होंने कहा कि पति की मौत के कारण की जांच की जा रही है। अमेरिका के होनोलूलू में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी और तीन नाबालिग बच्चों की कथित तौर पर हत्या करने के बाद आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। होनोलूलू पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट दीना थोएम्स ने बताया कि सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने एक महिला और 10,12 और 17 वर्षीय बच्चों को मकान में मृत पाया जिनकी चाकू से हमला किए जाने के कारण मौत हुई थी और महिला का पति भी मृत मिला। थोएम्स ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पति ने अपनी पत्नी और बच्चों पर जानलेवा हमला किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या पुरुष ने स्वयं को चाकू मारा तो उन्होंने कहा कि पति की मौत के कारण की जांच की जा रही है। वयस्कों की आयु का अभी पता नहीं चल सका है। थोएम्स ने कहा कि इस घर से घरेलू हिंसा संबंधी पहले कभी कोई शिकायत नहीं मिली और पुलिस को अभी यह जानकारी नहीं है

3 देशों के अल्पसंख्यकों को नागरिकता, सीएए को लेकर केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

जनता के बीच जाकर पीएम मोदी की तरफ से घोषणाएं की जा रही हैं। वहीं इसी क्रम में आज सीएए की अधिसूचना जारी कर दी गई है। पड़ोसी देशों के प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कुछ ही दिनों में हो सकता है। बीजेपी ने इस बार अबकी बार 400 पार का नारा दिया गया है। खुद प्रधानमंत्री अलग अलग मंचों से ये बात कह चुके हैं कि अगर 400 पार करना है तो किस तरह से काम करना है। जनता के बीच जाकर पीएम मोदी की तरफ से घोषणाएं की जा रही हैं। वहीं इसी क्रम में आज सीएए की अधिसूचना जारी कर दी गई है। पड़ोसी देशों के प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। तीन देश अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई इसमें शामिल हैं। इसमें मुसलमानों को इसलिए शामिल नहीं किया गया है क्योंकि ये तीनों मुस्लिल बहुल देश हैं और वहां अल्पसंख्यक अन्य धर्मों के लोग हैं। भारत का संविधान ये अधिकार देता है कि मानवतावादी दृष्टिकोण से धार्मिक शरणार्थियों को मूलभूत अधिकार मिले। ऐसे शर्णार्थियों को नागरिकता प्रधान की जा सके। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीएए नियमों को अधिसूचित किए जाने से संबंधित खबरों पर कहा कि लोगों के साथ भेदभाव करने वाली किसी भी चीज का विरोध करेंगे। एनआरसी और सीएए के नाम पर लोगों को 'डिटेंशन कैंप' में भेजा जाएगा, तो विरोध करूंगी। ममता ने कहा कि सीएए और एनआरसी बंगाल और पूर्वोत्तर के लिए संवेदनशील मुद्दा, लोकसभा चुनाव से पहले अशांति नहीं चाहती।अमित शाह पहले ही कर चुके साफ अमित शाह ने कहा था कि 70 साल से जो शरणार्थी यहां पर आकर बसे हैं। जिनके मन में दर्द है कि हम वहां से शरणार्थी बनकर आए और आज हमारी नागरिकता नहीं है। 70 साल से वो अवैध तरीके से रहे। सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट को पहले ही कैबिनेट में लागूकर सभी को नागरिकता दी जाएगी। अमित शाह ने एक चुनावी सभा में भी कहा था कि सीएए के खिलाफ हमारे मुस्लिम भाइयों को गुमराह किया

भारत दौरे से पहले छिन सकती है टिम साउदी से टेस्ट कप्तानी, जानें कप्तान ने क्या कुछ कहा ?

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीनस्वीप कर डाला। न्यूजीलैंड को होम टेस्ट सीरीज में इस हार से बड़ा झटका लगा है। इतना ही नहीं कप्तान टिम साउदी को लगता है कि आने वाली टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड को नया टेस्ट कप्तान भी मिल सकता है। न्यूजीलैंड को अगली दो टेस्ट सीरीज एशिया में खेलनी हैं। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप 2023–25 की मौजूदा पॉइंट्स टेबल में जहां टॉप पर भारत काबिज हैं। वहीं दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम और तीसरे पर न्यूजीलैंड है। जिस कारण वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप का प्रबल दावेदार के रूप में भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को माना जा रहा है। हालांकि, ये आंकलन मौजूदा स्थिति को देखकर लगाया जा रहा है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीनस्वीप कर डाला। न्यूजीलैंड को होम टेस्ट सीरीज में इस हार से बड़ा झटका लगा है। इतना ही नहीं कप्तान टिम साउदी को लगता है कि आने वाली टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड को नया टेस्ट कप्तान भी मिल सकता है। न्यूजीलैंड को अगली दो टेस्ट सीरीज एशिया में खेलनी हैं। श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की और भारत के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज न्यूजीलैंड को सितंबर से नवंबर के बीच खेलनी है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुताबिक जब टिम साउदी से कप्तानी को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि हम देखते हैं, आपको एशिया जाना है, स्क्वॉड में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा, क्योंकि वहां स्पिन सबसे बड़ा खतरा बन जाती है। लेकिन ये सब हम तब देखेंगे, जब हम वहां जाएंगे। हम इस बारे में रात में बात करेंगे, और देखेंगे कि आगे कौन आता है।

धराशायी किया पंत के गाबा टेस्ट का रिकार्ड, इस दिग्गज को छोड़ा पीछे

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच तीन विकेट से अपने नाम किया। रोमांचक टेस्ट मैच में एलेक्स कैरी ने दूसरी पारी में नॉटआउट 98 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर चौथी पारी में टीम को जीत दिलाते हुए कैरी ने दूसरा सबसे बड़ा स्कोर अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत जीत ली है। ऑस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच तीन विकेट से अपने नाम किया। रोमांचक टेस्ट मैच में एलेक्स कैरी ने दूसरी पारी में नॉटआउट 98 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर चौथी पारी में टीम को जीत दिलाते हुए कैरी ने दूसरा सबसे बड़ा स्कोर अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने ऋषभ पंत को पीछे छोड़ दिया है। पंत ने ऐतिहासिक गाबा टेस्ट मैच में नॉटआउट 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई थी। इस लिस्ट में अभी भी टॉप पर ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट हैं। इस लिस्ट में चौथे नंबर पर श्रीलंका के निरोशन डिकवेला हैं, जिन्होंने 2017 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 81 रनों की पारी खेली थी और पांचवें नंबर पर इंग्लैंड के जोस बटलर हैं। बटलर ने 2020 में पाकिस्तान के खिलाफ 75 रनों की पारी खेली थी। इसके अलावा एक और मामले में एलेक्स कैरी ने बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। एक टेस्ट मैच में 10 या इससे ज्यादा कैच लेने के साथ 100 रन बनाने वाले कैरी महज दूसरे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले ये कारनामा एबी डिविलियर्स ने किया ता डिविलियर्स ने 2013 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में ये किया था। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर 2–0 से कब्जा करते हुए आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप 2023–25 के पॉइंट्स टेबल में दूसरा पायदान हासिल किया है। वहीं पहले नंबर पर अभी भी भारत काबिज है। जबकि न्यूजीलैंड तीसरे नंबर पर है।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचा भारत, ओडीआई और टी 20 में पहले से ही टाप है इंडिया

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच का परिणाम कुछ भी रहे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम शीर्ष पर बनी रहेगी। विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के मौजूदा विजेता ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीता था और वह अभी श्रृंखला में 1–0 से आगे है। दुबई। भारत ने धर्मशाला में इंग्लैंड को करारी शिकस्त देकर पांच मैच की श्रृंखला 4–1 से जीतकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान हासिल किया। इस तरह से भारतीय टीम खेल के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गई है। भारत विश्व टेस्ट चौंपियनशिप की तालिका में पहले ही शीर्ष पर बना हुआ है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच का परिणाम कुछ भी रहे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम शीर्ष पर बनी रहेगी। विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के मौजूदा विजेता ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीता था और वह अभी श्रृंखला में 1–0 से आगे है। भारत के टेस्ट रैंकिंग में अब 122 रेटिंग अंक हो गए हैं जो ऑस्ट्रेलिया से पांच अधिक हैं। इंग्लैंड की टीम 111 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

वनडे में भारत के 121 रेटिंग अंक हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया 118 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के 266 अंक हैं। इंग्लैंड इस प्रारूप में 256 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत सितंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहा था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला बराबरी पर छूटने के कारण भारत दूसरे नंबर पर खिसक गया था। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके भारत की जगह पहला स्थान हासिल किया था। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 28 रन से हार गया था लेकिन इसके बाद उसने अगले चार टेस्ट मैच जीतकर शानदार वापसी करके आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया।

आईपीएल 2024 में सूर्यकुमार यादव खलेंगे या नहीं ? आ गया बड़ा अपडेट

आईपीएल की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है। ओपनिंग मैच में डिफेंडिंग चौंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी के बीच होगा। इससे पहले मुंबई की टीम के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। टीम के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्युकमार यादव सर्जरी से उबरने के बाद आईपीएल की शुरुआत तक फिट हो जाएंगे। इस सीजन के आईपीएल की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है। ओपनिंग मैच में डिफेंडिंग चौंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी के बीच होगा। इससे पहले मुंबई की टीम के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। टीम के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्युकमार यादव सर्जरी से उबरने के बाद आईपीएल की शुरुआत तक फिट हो जाएंगे। भारत के टी20 स्टार सूर्युकमार यादव ने भी पिछले दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका 171.55 के स्ट्राइक रेट से 2141 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार के नाम 4 शतक और 17 फिफ्टी भी हैं। साथ ही वह मौजूदा समय में टी20 के नंबर 1 बल्लेबाज हैं।

जल संकट के कारण बेंगलुरु में नहीं खेले जाएंगे आईपीएल 2024 मैच ?

बेंगलुरु में पानी की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। जिसके कारण हर कोई परेशान है। वहीं आईपीएल 2024 शुरू होने में महज कुछ ही दिन शेष हैं। लेकिन उससे पहले जल संकट की चपेट में बेंगलुरु का चिन्नास्वामी स्टेडियम भी आ गया है। आरसीबी 25 मार्च को बेंगलुरु के आईपीएल 2024 के पहले गेम में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। इन दिनों बेंगलुरु में पानी की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। जिसके कारण हर कोई परेशान है। वहीं आईपीएल 2024 शुरू होने में महज कुछ ही दिन शेष हैं। लेकिन उससे पहले जल संकट की चपेट में बेंगलुरु का चिन्नास्वामी स्टेडियम भी आ गया है। आरसीबी 25 मार्च को बेंगलुरु के आईपीएल 2024 के पहले गेम में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। आईपीएल खेल के लिए पिच तैयार करने में लगने वाले पानी की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। उसके लिए काफी पानी चाहिए होता है। अभी जो बेंगलुरु की हालात है, उससे बेंगलुरु को आईपीएल के लिए खुद को तैयार करना बड़ी चुनौती होगी। वहीं कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन ने बेंगलुरु में जल संकट को देखते हुए चर्चा केलिए एक बैठक बुलाई है। न्यूज वेबसाइट इनसाइडस्पोर्ट से बात करते हुए केएससीए के एक सदस्य ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई भी फैसला केएससीए की बैठक के बाद लिया जाएगा। सूत्र का कहना है कि बोर्ड बैठक के बाद एक बयान जारी करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि, इस मुद्दे पर एक बैठक आयोजित की जाएगी। तब तक, उस मामले के संबंध में कोई बयान नहीं दिया जा सकता है। कर्नाटक की राजधानी कम बारिश के कारण जल संकट से जूझ रही है। पिछले कुछ हफ्तों में शहर भर में पानी के टैंकरों की मांग कई गुना बढ़ गई है। शहर में कार धोने, घरों का निर्माण जैसे कई कामों पर पाबंदी लग गई है।

रोहित शर्मा सीएसके की कप्तानी कर सकते हैं, जानें अंबाती रायुडू ने ऐसा क्यों कहा ?

वहीं ने रोहित की जगह हार्दिक को कप्तान बना दिया था। वहीं अब और के लिए खेल चुके अंबाती रायुडू ने रोहित को लेकर कुछ बातें कही हैं। अंबाती ने कहा कि, रोहित शर्मा अभी कम से कम 5–6 साल और आईपीएल में खेल सकते हैं। अगर रोहित कप्तानी करना चाहते हैं तो, पूरी दुनिया उनके लिए खुली हुई है। आईपीएल 2024 से पहले ही मुंबई इंडियंस ने ऑल कैश डील करते हुए गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी करा दी थी। हार्दिक पंड्या ने अपना आईपीएल करियर मुंबई इंडियंस के साथ ही शुरू किया था और रोहित शर्मा की कप्तानी में अपना नाम बनाया था। वहीं डप ने रोहित की जगह हार्दिक को कप्तान बना दिया था। वहीं अब डप और ब्ज्ञ के लिए खेल चुके अंबाती रायुडू ने रोहित को लेकर कुछ बातें कही हैं। न्यूज 24 स्पोर्ट्स पर अंबाती ने कहा कि, रोहित शर्मा अभी कम से कम 5–6 साल और आईपीएल में खेल सकते हैं। अगर रोहित कप्तानी करना चाहते हैं तो, पूरी दुनिया उनके लिए खुली हुई है। वह जिस भी टीम के लिए चाहें कप्तानी कर चुके हैं। मैं चाहता हूं कि रोहित शर्मा आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेलें, अगर धोनी संन्यास लेते हैं तो ऐसे में रोहित शर्मा सीएसके की कप्तानी कर सकते हैं। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा की कप्तानी में पांच खिताब जीते हैं और चेन्नई सुपर किंग्स ने एमएस धोनी की कप्तानी में पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। रोहित और धोनी दोनों ही आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। दोनों की ही टीमें आईपीएल इतिहास की सबसे सफल फ्रेंचाइजी टीमें हैं। रायुडू के अनुसार रोहित ब्ज्ञ के कल्चर में एकदम फिट बैठेंगे।

यह रहाणे और अय्यर के आलोचना नहीं, समर्थन का समय – शार्दुल ठाकुर

रहाणे और श्रेयस विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के फाइनल के पहले दिन एक समान सात रन बनाकर आउट हुए। वानखेड़े स्टेडियम में 41 बार के चौंपियन की पहली पारी 224 रन पर सिमट गई। खराब दौर से गुजर रहे अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर का समर्थन करते हुए मुंबई के हरफनमौला शारदुल ठाकुर ने रविवार को कहा कि संघर्ष कर रहे इन बल्लेबाजों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। रहाणे और श्रेयस विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के फाइनल के पहले दिन एक समान सात रन बनाकर आउट हुए। वानखेड़े स्टेडियम में 41 बार के चौंपियन की पहली पारी 224 रन पर सिमट गई। मैच में 69 गेंद में 75 रन की आक्रामक पारी खेल कर मुंबई को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने वाले शारदुल ने कहा, ''अजिंक्य पूरे सत्र में रन नहीं बना पाये हैं। वह अच्छी लय में नहीं है। हम इसके लिए उन्हें दोष नहीं दे सकते क्योंकि उनका खराब समय चल रहा है।''उन्होंने कहा, ''यह उनके लिए बस एक कठिन दौर है। श्रेयस (और) अजिंक्य के बारे में मैं यही कहूंगा। ये लोग मुंबई और भारत के लिए मैच विजेता रहे हैं।'' शारदुल ने सभी से आग्रह किया कि वे बुरे दौर से गुजर रहे इन अनुभवी खिलाड़ियों का समर्थन करें। उन्होंने कहा, '' अभी उनका समय खराब चल रहा है। यह उनकी आलोचना करने के बजाय उनका समर्थन करने का समय है क्योंकि आलोचना करना आसान है।'' रहाणे ने अब तक आठ मैचों में 12.81 की औसत से केवल 141 रन बनाए हैं,

रोजाना एक कीनू का सेवन करने से मिल सकते हैं कई फायदे

अमूमन लोग कीनू को संतरा समझ लेते हैं, जबकि ये दोनों अलग–अलग फल हैं।कीनू अधिक रसदार खट्टा फल है और इसकी खेती पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा में की जाती है।यह फल विटामिन–सी, विटामिन–बी कॉम्प्लेक्स, सोडियम, पोटैशियम, कैल्शियम और कॉपर जैसे खनिजों से भरपूर होता है। साथ ही इसमें अन्य खट्टे फलों की तुलना में लगभग 2.5 गुना अधिक कैल्शियम होता है।आइए जानते हैं कि रोजाना एक कीनू खाने से क्या–क्या फायदे मिल सकते हैं। पाचन क्रिया के लिए है अच्छाकीनू में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया में सुधार के लिए काफी लाभप्रद है।फाइबर शरीर में गैस्ट्रिक एंजाइम के उत्पादन को संतुलित करके पाचन क्रिया को बेहतर बनाने और पाचन संबंधित समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है।लाभ के लिए घर पर कीनू का जूस बनाकर पीएं और उसमें चीनी मिलाने की गलती न करें।यहां जानिए पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने वाले अन्य खाद्य पदार्थ।प्रतिरक्षा प्रणाली को दे सकता है मजबूती कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर को कई संक्रमण और बीमारियों का घर बना सकती है। हालांकि, इसे मजबूती देने में कीनू का सेवन मदद कर सकता है। इसका कारण है कि यह खट्टा फल विटामिन– सी से भरपूर होता है। इसके अतिरिक्त इसमें एंटी–प्रोलाइफरेटिव गुण होते हैं, जो श्वेत रक्त कोशिकाओं को बढ़ाकर प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने का काम कर सकते हैं।यहां जानिए प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती देने वाली सब्जियां।

आंखों के लिए हो सकता है लाभदायकआंखों की छोटी–मोटी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में भी कीनू मदद कर सकता है।इसमें मौजूद विटामिन– सी आंखों को स्वस्थ रखने के साथ–साथ आंख संबंधी समस्याएं जैसे मोतियाबिंद के जोखिम कम करने में योगदान दे सकता है।इसके अलावा कीनू के सेवन से बढ़ती उम्र में भी आपकी आंखों की रोशनी को प्रभावी होने से बच सकती है, इसलिए इसे डाइट में जरूर शामिल करें।हृदय का बन सकता है सुरक्षा कवच हृदय रोग से संबंधित जोखिमों को कम करने में भी कीनू का सेवन काफी हद तक प्रभावी साबित हो सकता है।एक शोध के मुताबिक, कीनू में खराब कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को कम करने का गुण मौजूद होता है, जो हृदय रोग के मुख्य कारण माने जाते हैं।इसमें फ्लेवोनोइड, फाइबर, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन– सी जैसे कई पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं, जो हृदय को पूर्ण सुरक्षा देने में सहायक हैं। त्वचा के लिए भी है फायदेमंद कीनू न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि त्वचा के लिए भी लाभकारी है क्योंकि इसमें मौजूद विटामिन– सी एक शक्तिशाली एंटी–ऑक्सीडेंट की तरह काम करता है।इसके साथ ही यह त्वचा के लिए एक प्रभावी एस्ट्रिनजेंट

एक्ने प्रोन स्किन के लिए ट्राई करें टमाटर के ये आसान फेस पैक, खिल उठेगी स्किन

अक्सर एक्ने प्रोन स्किन वाले लोग अपनी स्किन की समस्याओं से परेशान रहते हैं. बाजार में मिलने वाले केमिकल प्रोडक्ट से लेकर घरेलू नुस्खे तक, सब कुछ आजमा कर देख लिया, पर कोई खास फर्क नहीं पड़ता. लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके किचन में मौजूद एक सामान्य सब्जी, टमाटर, आपकी स्किन की इस समस्या का समाधान कर सकता है टमाटर में एंटी–ऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी की भरपूर मात्रा होती है, जो न केवल एक्ने को कम करने में मदद करती है, बल्कि स्किन को निखारने में भी मदद करता है. हम आपको टमाटर से बने कुछ आसान फेस पैक्स के बारे में बताएंगे, जिन्हें आजमाकर आप अपनी स्किन को खिला–खिला बना सकते हैं.

टमाटर और शहद का फेस पैक

टमाटर का रस और शहद को मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें. फिर हल्के गरम पानी से धो लें. शहद एंटी–बैक्टीरियल होता है, जो एक्ने को कम करने में मदद करता है.

टमाटर और नींबू का फेस पैक

टमाटर के रस में नींबू के रस की कुछ बूँदें मिलाएं. इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट बाद धो लें. नींबू में मौजूद विटामिन सी स्किन को ब्राइट करता है और एक्ने के निशान को कम करता है.

टमाटर और दही का फेस पैक टमाटर का पल्प और दही को मिलाकर एक स्मूथ पेस्ट बनाएं. इसे चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट तक छोड़ दें. दही स्किन को मॉइस्चराइज करता है और टमाटर के साथ मिलकर एक्ने को कम करता है. टमाटर और ओटमील का फेस पैक टमाटर के रस में ओटमील पाउडर मिलाएं ताकि एक गाढ़ा पेस्ट बन जाए. इस पेस्ट को अपने चेहरे पर 15–20 मिनट के लिए लगाएं और फिर धो लें. ओटमील एक प्राकृतिक एक्सफोलिएटर है जो मृत त्वचा को हटाने और एक्ने को कम करने में मदद करता है.टमाटर और एलोवेरा का फेस पैकटमाटर के रस में एलोवेरा जेल मिलाएं और चेहरे पर लगाएं. 20 मिनट बाद

इसे धो लें. एलोवेरा जेल स्किन को मॉइस्चराइज करता है और इसमें एंटी–इन्फ्लेमेटोरी गुण होते हैं, जो एक्ने और लालिमा को कम करते हैं.।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, मंगलवार 12 मार्च 2024
sheelshukla100@gmail.com

बाक्स आफिस पर शैतान का जलवा, आर्टिकल 370 की धांसू कमाई जारी

दर्शकों का मनोरंजन के लिए इस समय सिनेमाघरों में अलग–अलग शैलियों की फिल्में लगी हुई हैं। एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में तक मार्च के महीने में बड़े पर्दे पर प्रदर्शित हो रही हैं। इस शुक्रवार रिलीज हुई आर माधवन और अजय देवगन की फिल्म शैतान शानदार कमाई कर ही है। वहीं आर्टिकल 370 भी लोगों को थिएटर्स तक खींचने में अब भी कामयाबी हासिल कर रही है। आइए जानते हैं कि शनिवार को किस फिल्म ने कितनी कमाई की है।फिल्म शैतान का इंतजार लोगों को लंबे समय से था। इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद लोगों की अपेक्षाएं इससे काफी ज्यादा बढ़ गई थीं। विकास बहल के निर्देशन में बनी यह फिल्म टिकट खिड़की पर अच्छी कमाई कर रही है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 15.21 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं, दूसरे दिन फिल्म की कमाई ने उछाल लेते हुए 18.25 करोड़ रुपये बटोर डाले हैं। अब इस फिल्म की कुल कमाई 33.46 करोड़ रुपये हो गई है।फिल्म लापता लेडीज से किरण राव ने लंबे समय बाद निर्देशक के रूप में वापसी की है। फिल्म को समीक्षकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी है। यह फिल्म धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक दूसरे शनिवार को फिल्म ने 90 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई सात करोड़ 55 लाख रुपये हो गई है।यामी गौतम अभिनीत फिल्म आर्टिकल 370 का दबदबा अब भी बॉक्स ऑफिस पर देखने को मिल रहा है। फिल्म की पकड़ अब भी बरकरार है। 16वें दिन फिल्म ने दो करोड़ 65 लाख रुपये की कमाई की। अब फिल्म का कुल कलेक्शन 62.20 करोड़ रुपये हो गया है। शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म तेरी बातों में

ऐसा उलझा जिया बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। इस फैमिली एंटरटेनर को लोगों से मिश्रित प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म ने 30वें दिन 60 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 82.85 करोड़ रुपये हो गई है।

पृथ्वीराज सुकुमारन की मच अवेटेड फिल्म द गोट लाइफ का शानदार ट्रेलर रिलीज

साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन एक बार फिर पर्द पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. उनकी मच अवेटेड फिल्म द गोट लाइफ पिछले लंबे समय से चर्चा में बनी हुई थी. वहीं आखिरकार अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है.फिल्म का ट्रेलर बेहद दमदार नजर आ रहा है, जहां पृथ्वीराज सुकुमारन एक नहीं बल्कि अलग–अलग किरदारों में दिख रहे हैं. ट्रेलर में देखा जा सकता है कि अपने सर्वाइवल के लिए पृथ्वीराज किस तरह से जद्दोजहद कर रहे हैं.दरअसल, एक्टर एक अप्रवासी मजदूर की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जो अपने घर वापस लौटने के लिए बेचैन है. वे सालों से किसी दूसरे देश में रेगिस्तान में फंसा हुए है और वहां से बाहर निकलने की पूरी कोशिश कर रहा है. कष्टों में जूझ रहा यह मजदूर एक बेहतर जीवन के तलाश में जुटा हुआ है, लेकिन उसके सामने कई सारी मुश्किलें आ रही हैं.बता दें कि ये एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है जिसे साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर्स ब्लेसी ने डायरेक्ट किया है. ये फिल्म 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी. बता दें कि इस फिल्म का म्यूजिक ए आर रहमान ने दिया है.खात बात बता दें कि इस सर्वाइवल ड्रामा को बनाने में 10 साल का लंबा वक्त लगा है. इस बात का खुलासा खुद पृथ्वीराज ने किया था. इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्टर ने बताया था कि इस फिल्म को बनाने में एक दशक का समय लगा है. उन्होंने कहा था कि हम सभी ने कड़ी मेहनत की है. हमारे लिए ये सिर्फ एक मूवी नहीं है, इससे कई अधिक है. इस फिल्म की कहानी ने हमारे दिलों को छू लिया है. ये फिल्म जिंदगी भर हमारे साथ रहेगी. हमें उम्मीद है कि दर्शकों को भी ऐसा ही महसूस होगा.

द रेलवे मैन ने रचा इतिहास, बनी नेटफ्लिक्स की अब तक की सबसे सफल भारतीय सीरीज

यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) की पहली वेब सीरीज द रेलवे मैन ने दुनियाभर में अपना डंका बजाया और यह दर्शकों का दिल जीतने में सफल रही।भयावह भोपाल गैस त्रासदी को पर्दे पर दर्शाती यह सीरीज रिलीज के बाद से ही वाहवाही बटोर रही है और सितारों के प्रदर्शन को भी सराहा जा रहा है।अब इस सीरीज ने इतिहास रच दिया है और यह नेटफ्लिक्स की अब तक की सबसे सफल भारतीय सीरीज बनकर उभरी है। सच्ची कहानी को पेश करती द रेलवे मैन ने 18 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर दस्तक दी थी। इसे दुनियाभर में काफी पसंद किया गया है तो यह अब 3 महीनों बाद भी दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है।दरअसल, सीरीज ने 3 महीनों से वैश्विक सूची में अपनी जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। यह वैश्विक स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करने के साथ ही भारत की नेटफ्लिक्स पर आई सबसे सफल सीरीज बन गई है। नेटफ्लिक्स इंडिया की उपाध्यक्ष (कंटेंट) मोनिका शेरगिल ने खुशी जताते हुए कहा, यशराज फिल्म्स वर्षों से दर्शकों का मनोरंजन

कर रहा है। इस कहानी के लिए नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ साथ आए थे। रेलवे मेन ने देश में लगातार 100 दिनों तक हमारी शीर्ष 10 सीरीज की सूची में अपनी जगह बनाई रखी है, जो किसी भी भारतीय सीरीज से ज्यादा है।मोनिका का कहना है कि नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ साथ में अच्छी फिल्में और सीरीज बनाने के लिए उत्सुक हैं।यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी ने कहा कि वाईआरएफ और नेटफ्लिक्स इस उपलब्धि के बाद से काफी रोमांचित हैं।वह कहते हैं, यह हमारे रचनात्मक सहयोग के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। यह उपलब्धि हमें कठिन लक्ष्य निर्धारित करने और साथ में मिलकर इतिहास रचने के लिए प्रेरित करती है।उनका कहना है कि सीरीज को देखकर दर्शकों की जो उनकी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं, वो ही उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है।द रेलवे मैन यशराज की पहली सीरीज है तो इसी के साथ शिव रवैल ने निर्देशन क्षेत्र में कदम रखा है।इस सीरीज में दिखाया गया है कि भोपाल की यूनियन कार्बाइड नामक कंपनी के कारखाने से कैसे जहरीली गैस का रिसाव हुआ था, जिसके बाद भारतीय रेलवे के कर्मचारी लोगों की जान बचाने के लिए आगे आए थे।सीरीज में केके मेनन, आर माधवन, जूही चावला, बाबिल खान और दिव्येंदु शर्मा मुख्य भूमिका में दिखाई दिए थे।मध्य प्रदेश के भोपाल में 2 दिसंबर, 1984 की देर रात को लापरवाही के चलते यूनियन कार्बाइड कंपनी के कारखाने से जहरीली गैस निकली और हवा में घुल गई थी। इस जहरीली गैस के चलते ही 15 हजार से अधिक लोगों ने जान गंवाई थीं।

ऐ वतन मेरे वतन से नया गाना कतरा–कतरा हुआ आउट, 21 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी सारा अली की फिल्म

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान अपने नए प्रोजेक्ट्स को लेकर खूब लाइमलाइट में बनी हुई हैं. सारा अली खान जल्द ही ऐ वतन मेरे वतन में एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में नजर आने वाली हैं. ऐ वतन मेरे वतन से मेकर्स ने हाल ही में सोशल मीडिया पर नया सॉन्ग कतरा–कतरा रिवील कर दिया है. कतरा–कतरा सॉन्ग में सारा अली खान का कभी ना देखा गया अवतार देखने को मिल रहा है. सारा एक नौजवान स्वतंत्रता सेनानी के रूप में अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन करती दिखाई दे रही हैं. कतरा–कतरा सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गया है.ऐ वतन मेरे वतन का कतरा–कतरा ट्रैक मेकर्स ने सोशल मीडिया पर रिवील कर दिया है. इस सॉन्ग में भरपूर देशभक्ति देखने को मिल रही है. सारा अली खान स्टारर ऐ वतन मेरे वतन के सॉन्ग कतरा–कतरा को मुकुंद सूर्यवंशी, रवि गिरी और रोहन देशमुख ने लिखा है. संगीत देने का काम मुकुंद सूर्यवंशी ने किया है. गाने को आवाज सुखविंदर सिंह ने दी और राघव शर्मा ने इसे लिखा और कंपोज किया है. सारा अली खान स्टारर ऐ वतन मेरे वतन ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी. देशभक्ति के जुनून को दिखाती थ्रिलर ड्रामा का प्रोडक्शन धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने किया है. जहां करण जौहर के साथ अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने प्रोड्यूस किया है. कन्नन अय्यर डायरेक्टेड इस फिल्म की कहानी अय्यर के साथ दारब फारुकी ने लिखी है. फिल्म में सारा अली खान के साथ सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्सा ओ नील और आनंद तिवारी अहम रोल में नजर आने वाले हैं. तो वहीं इमरान हाशमी का फिल्म में कैमियो है.

जैकलीन फर्नांडिस ने अपने डांस से फ्लोर पर लगाई आग, यिमी यिमी गाना हुआ रिलीज

बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस जिन्होंने अपने एक्टिंग और डांसिंग टैलेंट से फैंस को खूब एंटरटेन किया है. उनके डांस के तो लोग दीवाने हुए जाते हैं. अब एक्ट्रेस का नया गाना भी जारी किया जा चुका है. इस गाने में भी जैकलीन ने धमाकेदार परफॉर्मेंस दी हैं.यूं तो जैकलीन काफी समय से एक्टिंग से दूर हैं लेकिन अपने फैंस को एंटरटेन करने का वह कोई मौका नहीं जाने देती. अब वह एक धमाकेदार गाना लेकर आ गई हैं. जी हां यिमी यिमी गाना रिलीज हो गया है. इस गाने में जैकलीन अपने अलग अलग डांस मूव्स से फ्लोर पर आग लगाते नजर आ रही हैं. इस गाने को टायक और श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज से सजाया है.जैकलीन के इस गाने को पियूष और शाजिया ने डायरेक्ट किया गया है. गाने को डीएमएफ फ्ले यूट्यूब चौनल पर रिलीज किया गया है और दर्शक इसको काफी पसंद कर रहे हैं. इस धमाकेदार गाने जैकलीन अलग–अलग अवतार में नजर आ रही हैं. गाने को एक्ट्रेस ने खुद अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. जैकलीन का गाना यिमी यिमी गाना सामने आने के बाद से ही एक्ट्रेस के फैंस उनके इस गाने पर खूब प्यार लुटा रहे हैं. अपने अलग अलग डांस मूव्स से एक्ट्रेस फ्लोर पर आग लगाती नजर आ रही हैं. यह गाना, एक शानदार ग्लोबल कोलैबोरेशन है, जिसने सामने आते ही दुनिया भर के फैन्स के दिलों को जीत लिया है.

टपलेस होकर मेघा शुक्ला ने साड़ी में दिए बोल्ड पोज, एक–एक तस्वीर पर अटकी फैंस की सांसें

बॉलीवुड फिल्म एक्ट्रेस मेघा शुक्ला अपनी बोल्डनेस के लिए जानी जाती हैं। अदाकारा मेघा शुक्ला अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। अदाकारा की ये बोल्ड तस्वीरें उनके चाहने वालों को दीवाना बना देती हैं। अब हाल ही में अदाकारा

मेघा शुक्ला ने टॉपलेस होकर साड़ी में किलर तस्वीरें खिंचवाई हैं। जिसमें एक्ट्रेस बेहद बोल्ड नजर आईं। अदाकारा की ये तस्वीरें इंस्टाग्राम की दुनिया में आते ही छा गईं। यहां देखें एक्ट्रेस मेघा शुक्ला की किलर फोटोज।अदाकारा मेघा शुक्ला ने साड़ी में अपना बोल्ड अंदाज फैंस को दिखाया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद बोल्ड अवतार में पोज क्लिक करवाती दिखीं। अदाकारा मेघा शुक्ला की ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही छाने लगीं। इन तस्वीरों में अदाकारा मेघा शुक्ला का बोल्ड अवतार फैंस को दीवाना बनाने लगा है।इन तस्वीरों में अदाकारा बोल्ड पोज देती दिख रही हैं। अदाकारा ने अपनी इन तस्वीरों में मुड़–मुड़कर तस्वीरें क्लिक करवाएं। अदाकारा मेघा शुक्ला ने खुले बालों में किलर पोज क्लिक करवाए। इन तस्वीरों पर एक्ट्रेस के चाहने वालों का भी दिल अटक गया।अदाकारा मेघा शुक्ला के इस किलर अंदाज के फैंस भी दीवाने हो गए। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही छाने लगीं। मेघा शुक्ला की ये फोटोज इंस्टाग्राम की दुनिया में तहलका मचा देती हैं। उनकी फोटोज पर फैंस ने जमकर कमेंट्स किए। इस तस्वीर में एक्ट्रेस मेघा शुक्ला ने बेड पर लेटकर किलर तस्वीरें क्लिक करवाईं। अदाकारा की ये तस्वीरें देख फैंस ने जमकर कमेंट्स किए। मेघा शुक्ला अक्सर टॉपलेस फोटोज क्लिक करवाती हैं। जिसकी बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही चर्चा में आ जाती हैं। अदाकारा मेघा शुक्ला सामने आईं इन फोटोज में बोल्ड तस्वीरें क्लिक करवाती दिखीं। जिसकी फोटोज इंस्टाग्राम पर आते ही छा गईं।

राजा शिवाजी से धमाल मचाने आने रहे रितेश देशमुख, पोस्टर हुआ रिवील

रितेश देशमुख बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर में से एक हैं. अपने अब तक के करियर में रितेश ने कॉमेडी से लेकर रोमांटिक और विलेन हर तरह के किरदार निभआए है. वहीं अब रितेश डायरेक्शन में भी शानदार काम कर रहे हैं. एक्टर के निर्देशन में बनी पहली मराठी फिल्म वेद हिट रही थी. अब वह राजा शिवाजीच्य का भी निर्देशन करने जा रहे हैं.रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म का निर्माण करने जा रहे हैं. एक्टर फिल्म का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दिया है. रितेश ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर किया है.रितेश ने कैप्शन में मराठी में लिखा, इतिहास के गर्भ में एक ऐसी शखघ्सियत ने जन्म लिया, जिसका अस्तित्व नश्वरता है. एक छवि, एक किंवदंती, जो ज्वलंत प्रेरणा की एक शाश्वत भट्टी थी. छत्रपति शिवाजी महाराज.. सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हैं. ये साढ़े तीन सौ साल की एक अनुभूति है, असाधारण वीरता की एक चिंगारी है.. हर किसी के दिल में उगता हुआ आशा का एक महान सूरज है. रितेश देशमुख के निर्देशन में बनने वाली फिल्म मराठी और हिंदी में रिलीज की जाएगी. मुंबई में फिल्म कंपनी के साथ साझेदारी में जियो स्टूडियो द्वारा निर्मित होगी. रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सिनेमैटोग्राफर, संतोष सिवन इस फिल्म के साथ मराठी सिनेमा में अपनी शुरुआत करेंगे.

बिहार में रोल–नबंरों के झोलझाल की पोल खोलने आ रहीं रवीना टंडन, पटना शुक्ला का ट्रेलर जारी

आगामी फिल्म आपको तन्वी शुक्ला की एक असामान्य यात्रा पर ले जाती है, जो एक आम महिला है जो एक छात्र को रोल नंबर घोटाले में फंसते हुए देखकर मामले को अपने हाथों में ले लेती है। पटना शुक्ला भारत में हजारों ईमानदार छात्रों के जीवन को प्रभावित करने वाले रोल नंबरों के शिक्षा घोटाले में उतरती है। पटना शुक्ला का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। रवीना टंडन आगामी फिल्म में वकील तन्वी शुक्ला के रूप में अपने प्रदर्शन से प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अरबाज खान प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित और विवेक बुडाकोटी द्वारा निर्देशित, कोर्टरूम ड्रामा 29 मार्च, 2024 से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग शुरू होगी। आगामी फिल्म आपको तन्वी शुक्ला की एक असामान्य यात्रा पर ले जाती है, जो एक आम महिला है जो एक छात्र को रोल नंबर घोटाले में फंसते हुए देखकर मामले को अपने हाथों में ले लेती है। श्पटना शुक्लाश भारत में हजारों ईमानदार छात्रों के जीवन को प्रभावित करने वाले रोल नंबरों के शिक्षा घोटाले में उतरती है। फिल्म श्पटना शुक्लाश एक बेहतरीन मनोरंजक फिल्म है, जिसे दो महिलाओं की दिल छू लेने वाली कहानी के साथ–साथ जीवन के एक हिस्से के रूप में पेश किया गया है, जो दबाव और मातृत्व की जिम्मेदारियों से निपटते हुए न्याय के लिए लड़ने के लिए आगे बढ़ती हैं। रवीना टंडन, एक वकील तन्वी शुक्ला के रूप में, अनुष्का कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और दिवंगत सतीश कौशिक सहित अन्य स्टार कलाकारों के साथ न्याय की तलाश में हैं। निर्माता अरबाज खान ने एक प्रेस बयान में आगामी फिल्म के बारे में बात की और कहा, ष्पटना शुक्ला एक बहुत ही खास कहानी है, पटना शुक्ला उर्फ घ्तन्वी शुक्ला की यात्रा असामान्य है फिर भी प्रासंगिक है। एक महिला

एक्ट्रेस श्रिया सरन ने सोशल मीडिया पर लोगों के ड्रामे से बचने के लिए दिए मजेदार टिप्स

सोशल मीडिया पर लोगों के ड्रामे से बचने के लिए एक्ट्रेस श्रिया सरन ने कुछ मजेदार टिप्स दिए हैं। श्रिया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ड्रामा से बचने के तरीके पर एक मीम शेयर किया है।

उन्होंने लिखा, दिन में एक गैलन पानी पीने से आपको अन्य लोगों के नाटक से बचने में मदद मिलती है, इसका कारण यह है कि शख्स बाथरूम का उपयोग करने में व्यस्त रहेगा।

मीम में आगे लिखा, हाइड्रेट रहो मेरे दोस्तों

श्रिया फिलहाल शोटाइम में दिखाई दे रही हैं। इसमें राजीव खंडेलवाल, इमरान हाशमी, महिमा मकवाना, मौनी रॉय, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी हैं। यह कैमरे के पीछे छिपी अनदेखी दुनिया की पड़ताल करता है। मिहिर देसाई और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित, यह शो धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। यह 8 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित हो रहा है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, मंगलवार 12 मार्च 2024
sheelshukla100@gmail.com

सीएम ने 679 करोड की लागत की 673 परियोजना का किया लोकार्पण व शिलान्यास

सबका साथ सबका विकास भावनाओं के अनुरुप समाज के सभी वर्गों को बिना भेदभाव दिया जा रहा है, योजनाओं का लाभ

नये भारत व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का किया जा रहा है कार्य-सीएम

ब्यूरो
अंकित वर्मा

देवरिया। रविवार को मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ देवरिया के चीनी मिल ग्राउंड में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह के अन्तर्गत 679 करोड़ की 673 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास बटन दबाकर किया। साथ ही विभिन्न योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्ट फोन एवं टेबलेट, ओडीओपी एवं आयुष्मान आदि योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया एवं विभिन्न विभागो की लगायी गयी प्रदर्शनी व स्टालो का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देवरिया जनपद के विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास देवरहा बाबा के पावन धरती पर किया जा रहा है। देवरिया मेरे लिये नया नही है। यहां 30 वर्षो से लगातार आ रहा हूं। यहां हमलोग जिस आवश्यकताओंध्समस्याओं आदि के मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रहे थे, उसे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में धरातल पर उतारने का कार्य किया गया। मेडिकल कालेज का निर्माण किया गया। न्यायालय से मामले के निस्तारण होने के तुरन्त बाद ही सुगर कॉम्प्लेक्स का भी शिलान्यास किया जायेगा, जिसमें चीनी मिल, डिस्टिलरी, इथेनॉल, इलेक्ट्रिसिटी आदि उस कॉम्प्लेक्स में सम्मिलित रहेगा। इसके लिये धनराशि भी सुरक्षित रखी गयी है। कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय का शिलान्यास होने जा रहा है। देवरिया में भी एक कृषि कालेज बनाया जायेगा। देवरिया अब पिछड़ा नही रहेगा। मुख्यमंत्री ने प्रमुख उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री योजना के तहत इस जनपद में लगभग 24 हजार आवास निर्मित हुए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना में 1389 लाभार्थियों को आवास प्राप्त हुआ। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जनपद में 2 लाख 44 हजार परिवारों में शौचालय बने। ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण सचिवालय के लक्ष्य को पूरा करने के लिये 575 पंचायत सचिवालयों के निर्माण का कार्य समयबद्ध तरीके से हुआ है। एक लाख 95 हजार उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क विद्युत कनेक्शन दिये गये। साथ ही साथ 1383 मंजरो में विद्युतीकरण का लक्ष्य भी पूरा किया गया। जन धन खाते में 10 लाख 84 हजार से अधिक गरीबो के खाता खोलने का कार्य हुआ। लगभग 50 हजार किसानो के ऋण माफी का कार्य कार्य गया। लगभग 5 लाख किसान देवरिया में ऐसे है, जिन्हें

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएम कुसुम योजना के तहत ट्यूवेल पर बिजली फ्री की गयी है। सोलर पैनल लगाने का कार्य हो रहा है। पीएम स्वामित्व योजना के तहत जहां पर मकान वहां पर मालिकाना अधिकार के तहत 85 हजार से अधिक घरौनी वितरित हुई है। आयुष्मान योजना में 6 लाख 71 हजार परिवारों को गोल्डेन कार्ड वितरित हुए हैं। गरीबों के लिये बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास के भावनाओं के अनुरुप विकास योजना का लाभ हर गांव, हर किसान, हर मजदूर, हर युवा को दिया जा रहा है। यहां पर बेटियों को स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्ट फोन एवं टेबलेट वितरित किया गया है। रुचि और आवश्यकता के अनुरुप योजनाओं को मूर्त रुप दिया जा रहा है, जिसमें विकास भी है और विरासत भी है। देश के अन्दर सुरक्षा, प्रदेश के अन्दर अच्छे कानून व्यवस्था के स्थिति के साथ ही एक बेहतर वातावरण व समृद्धि के लक्ष्य को आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव के वर्ष पर भारत दुनिया की 5वीं बडी अर्थव्यवस्था के एक देश को पछाड़ कर बना है, जिस ब्रिटेन ने लगभग 200 वर्षो तक भारत पर अपना शासन किया था। भारत दुनिया की तीसरी बडी अर्थव्यस्था प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में बनेगा, जिसका मतलब हर व्यक्ति की आय में बढोत्तरी होना है, हर एक के जीवन में खुशहाली आना है। भारत अगर दुनिया का ताकतवर देश बनेगा तो भारत का दुश्मन टेढ़ी नजर से देखने का दुःसाहस नही कर पायेगा और उसी नये भारत व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। उम्मीद से ज्यादा डबल इंजन की सरकार करके दिखायेगी, जो भी आवश्यकता होगी, बिजली, पानी सडक, स्टेडियम, स्कूल, चीनी मिल, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार की उसे आशा अनुरुप उपलब्ध कराने का कार्य किया जायेगा। देवरिया में भी निवेश हो रहे है। लगभग 01 हजार करोड़ का प्रस्ताव अकेले देवरिया जनपद के लिये हुआ है। यह नये भारत का नया उत्तर प्रदेश है और यह नया देवरिया है। देवरहा बाबा के आश्रम मईल में भी सुन्दरीकरण का कार्य को आगे बढ़ाया जायेगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी उपलब्धियों को गिनाया। ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी, सांसद सलेमपुर रविन्दर कुशवाहा, सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, भाटपाररानी विधायक सभाकुँवर, एमएलसी रतनपाल सिंह आदि ने भी सभा को सम्बोधित किया एवं अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। परिवहन राज्यमंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह, जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह एवं अन्य अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पंगिरीश चन्द्र तिवारी, रुद्रपुर विधायक जय प्रकाश निषाद, बरहज विधायक दीपक मिश्रा, किसान मोर्चा के कामेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, देवरिया नपा अध्यक्ष अलका सिंह, गौरा बरहज नपा अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, जितेन्द्र प्रताप राव, पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, नित्यानंद पाण्डेय सहित भारी संख्या में प्रबुद्वजन व जन समूह उपस्थित रहे।

चुनाव में लापरवाही पर सस्पेंड किए जाएंगे थाना प्रभारी- पुलिस कमिश्नर

प्रयागराज(आरएनएस)। कमिश्नरेट की क्राइम मीटिंग में इस बार लोकसभा के चुनाव पर विशेष ध्यान रखा गया। अपराध समीक्षा में सभी थानेदारों को अल्टीमेटम भी दिया गया। कमिश्नर रमित शर्मा ने थाना प्रभारियों को कहा कि चुनाव के दौरान जरा सी लापरवाही होने पर सस्पेंड कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन अवश्य होना चाहिए। इसमें लापरवाही की जरा सी भी गुंजाइश नहीं है। ऐसा हो जाता है तो थानेदार को इंतजार नहीं करना बल्कि यह मान के चलें कि उन्हें निलंबित कर दिया गया है। क्राइम मीटिंग में सभी डीसीपी और एसीपी भी शामिल रहे। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने चुनाव से पहले की जाने वाली कार्यवाही का ब्यौरा भी लिया। फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी और चुनाव के मद्देनजर उपद्रव की आशंका पर पाबंदी की कार्यवाही पूछे जाने पर एयरपोर्ट थाना, दारागंज और शाहगंज थाना प्रभारी जवाब नहीं दे सके। सौंपी गई विवेचनाओं के लंबित होने पर भी फटकार लगाई गई। करेली, खुल्दाबाद, मुट्ठीगंज थानों के प्रभारियों से गुंडा एक्ट के मामलों में जवाब तलब किया। पुलिस अफसरों को हिदायत दी गई की फ्लैग मार्च और रूट मार्च प्रतिदिन करें तथा वीडियो और फोटो के जरिए सूचित करें। उन्होंने होली और रमजान त्यौहार के मद्देनजर भी दिशा निर्देश जारी किए।

हिस्ट्रीशीटरों का शुरू हुआ सत्यापन

प्रयागराज(आरएनएस)। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही चिन्हित किए गए 1673 हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी बढ़ा दी गई है।जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आए हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधि का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी, ताकि वह किसी भी तरह से चुनाव में खलल न डाल सकें। लोकसभा चुनाव को लेकर जल्द ही आचार संहिता लगने की बात कही जा रही है, मगर इससे पहले पुलिस की ओर से सभी तैयारियां की जा रही हैं।खासकर ऐसे अपराधी, हिस्ट्रीशीटर या असामाजिक तत्व जो चुनाव के दौरान शांति– व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न कर सकते हैं, उन पर कानूनी शिकंजा कसने की कवायद तेज कर दी गई है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा के निर्देश पर शहर, गंगानगर और यमुनानगर जोन के सभी हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन करवाया जा रहा है। जिले के सभी थाने की पुलिस अपने–अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी और उनकी गतिविधि का पता लगाकर वेरीफिकेशन कर रहे हैं। पहले चरण के सत्यापन से पता चला है कि जनपद के डेढ़ हजार से अधिक हिस्ट्रीशीटर है, जो अलग–अलग क्षेत्र में रह रहे हैं। पुलिस का कहना है कि गुंडा, गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर समेत दूसरे किस्म के अपराधियों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। चुनाव शुरू होने से पहले इन सभी के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिससे वह दबाव बनाकर मतदाताओं को प्रभावित न कर सकें।

भाजपा सरकार में नगरों का तेजी से हो रहा विकास

विकास का नया अध्याय लिख रहा नगर पालिका–अलका

ब्यूरो
अंकित वर्मा

देवरिया। नगर पालिका परिषद देवरिया के वार्ड नम्बर 3 में 14 लाख रुपये की लागत से बने मिट्टी–खड़ंजा सड़क का लोकार्पण नपाध्यक्ष अलका सिंह ने किया। इस दौरान नपाध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में नगरों का तेजी से विकास हो रहा है।नगरों में साफ–सफाई एवं शुद्ध पेय जल का समुचित प्रबन्ध भाजपा की सरकार में हुआ है।देवरिया नगर पालिका में विकास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है।प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन तो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अधिक से अधिक गरीबों को पक्का घर मिला है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अधिक से अधिक घरों में पहुंचा नल से जल और 100ः घरों में बिजली पहुंची है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी पटरी वालों को ऋण का वितरण भी किया जा रहा है।भाजपा सरकार में जन–धन खाते खोल कर गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा

गया। इस दौरान ईओ अंकिता शुक्ला, पूर्व जिलामहामंत्री भाजपा संजय राव,बलराम उपाध्याय,अंगद तिवारी,सम्पत राव,हेमंत राव,नवीन सिंह,अनिल शर्मा,जगदीश राव,धनंजय राव,सोनू राव,प्रदीप यादव,संजय तिवारी आदि रहे।

विधि पुस्तकों की निर्धारित सूची के अनुसार मानक एवं गुणवत्ता के अधीन प्रस्ताव आमंत्रित

ब्यूरो
अंकित वर्मा

देवरिया। केन्द्रीय नाजिर नजारत अनुभाग जजी देवरिया ने बताया है कि प्रभारी अधिकारी, पुस्तकालय एवं लेखन सामग्री अनुभाग जजी, देवरिया द्वारा विधि पुस्तकोंध्बेयर एक्ट क्रय किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश के निर्देश के अनुपालन में विधि पुस्तकों की निर्धारित सूची के अनुसार इच्छुक फर्मों से मानक एवं गुणवत्ता के अधीन प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। इच्छुक फर्म सूचना निर्गत होने से एक सप्ताह के अन्दर अपना विधि पुस्तक प्रस्ताव दर जनपद न्यायालय देवरिया के वेबसाईट–कबकमव/ससींइंकीपहीबवनतज.पद अथवा पंजीकृत डाक ध व्यक्तिगत रुप से कार्यालय पुस्तकालय एवं लेखन सामग्री अनुभाग जजी, देवरिया में निर्धारित अवधि के अन्दर प्रेषित कर सकते हैं। इच्छुक फर्म निर्धारित अवधि तक किसी भी कार्य दिवस मे पूर्वाह्न 10 से अपराह्न 05 बजे तक कार्यालय नजारत अनुभाग एवं पुस्तकालय अनुभाग जजी, देवरिया से सम्पर्क स्थापित कर, उक्त के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

आईपीएस अनंत चंद्रशेखर ने संभाला थाना अतरसुईया का चार्ज

पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता

प्रयागराज(आरएनएस)। बेहतर पुलिसिंग को लेकर पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने सहायक पुलिस आयुक्त परिविक्षाधीन के पद पर तैनात रहे तेज तर्रार आईपीएस अनंत चंद्रशेखर को थाना अतरसुइया का चार्ज सौंपा। वर्ष 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी अनंत चंद्रशेखर दक्षिण भारत के रहने वाले हैं।

थाना प्रभारी के रूप में चार्ज संभालने के बाद उन्होंने पत्र प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा की हमारी सबसे पहली प्राथमिकता पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाना रहेगा। हर पीड़ित पक्ष द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र की जांच की जाएगी। यदि जांच में कोई भी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर सख्त से सख्त कारवाही की जाएगी। खासतौर से जो भूमाफिया है दूसरे की जमीन कब्जा कर लेते है और उनको परेशान करते है ऐसे लोगो को बीट के सिपाही और दरोगा को लगाकर चिन्हित किया जाएगा। अगर किसी भी भूमाफिया के खिलाफ शिकायत मिली तो उसके खिलाफ भी सख्त से सख्त कारवाही की जाएगी। गरीबों को न्याय मिलेगा। जिसका भी काम हो खुद थाने पर आकर अपनी समस्या को बताए। उसकी समस्या को सुनकर समाधान किया जाएगा। थाने पर दलालों का प्रवेश बिलकुल वर्जित रहेगा। अगर कोई दलाल थाने के आस पास दिखेगा तो उसके खिलाफ भी कारवाही की जाएगी।

डिस्कवरी टैलेन्ट सीजन-7 के अव्वल छात्रों को किया गया पुरस्कृत

आराध्या श्रीवास्तव बनी चौम्पियन, मिला 11 हजार रुपये का चेक

ब्यूरो
अंकित वर्मा

देवरिया। डिस्कवरी टैलेन्ट खोज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अव्वल प्रतिभागियों को रविवार को माडर्न देवरिया पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पुरस्कृत किया गया । समारोह में आल ओवर चौम्पियन आराध्या श्रीवास्तव को 11 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया । वहीं ए, बी व सी वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले क्रमशः अनुष्का मल्ल, आर्यन सिंह व तुलिका चौरसिया को साइकिल, प्रमाण पत्र एवँ शील्ड देकर सम्मानित किया गया। तथा तीनों वर्गों में द्वितीय स्थान पाने वाले अविनाश मिश्रा, कृतिका मिश्रा व निखिल शुक्ला को ट्रॉली बैग तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में अर्पिता मिश्रा, प्रांशु मिश्रा, आदर्श पाण्डेय, आलोक मौर्य व सत्यम मिश्रा को स्मार्ट वॉच, शील्ड एवँ प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही तीनों वर्गों के 60 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 142 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार

के रूप में टेबल लैम्प, स्टेशेनरी किट व प्रमाण पत्र दिया गया। बता दें कि विगत 24 दिसम्बर को आयोजित डिस्कवरी टैलेंट खोज सामान्य ज्ञान प्रतियोगित में तीनों वर्गों में कुल मिलाकर 18 सौ छात्रध्छात्राएं सम्मिलित हुए थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पर्यावरण प्रहरी विजेन्द्र राय लवली, विशिष्ट अतिथि डॉ0 सौरभ श्रीवास्तव, राणाप्रताप सिंह, श्रीनारायण पाण्डेय, दिवाकर देव सिंह, देवेन्द्र मणि, हनुमान तिवारी व अध्यक्षता कर रहीं नगरपालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलित कर किया । मॉडर्न देवरिया पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर व जिला प्रतियोगिता प्रभारी मनीष आनन्द मिश्रा, परीक्षा आयोजन समिति के सचिव यूट्यूब शिक्षक रविकान्त मणि त्रिपाठी व डॉ0 बालेश्वर पाण्डेय ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया । विद्यालय की उपप्रबंधक सिद्धिदात्री मिश्रा तथा शिक्षक सौरभ श्रीवास्तव, सुधाकर, आशी, सौदामिनी, नन्दिनी व निधी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को बैज व तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया । प्रबन्धक वीरेन्द्र मिश्रा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान आराध्या मिश्रा, आर्या, पावनी जायसवाल, माही पाण्डेय, रम्भा सिंह, आराध्या मणि, अर्चिता मिश्रा, ज्योति सिंह, अंश पाण्डेय व आर्यन ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ–साथ एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत प्रस्तुत कर सभी का मनोरंजन करते रहे । पुरस्कार वितरण के बाद मुख्य अतिथि विजेन्द्र राय लवली ने कहा कि इंसान बनने व बनाने का केंद्र शिक्षण संस्थान ही होता है। नगरपालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों के अन्दर की छिपी हुई प्रतिभा में निखार आता है । कार्यक्रम का संचालन यूट्यूब शिक्षक रविकांत मणि त्रिपाठी ने किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय विद्यालय प्रबन्धक संघ जिलाध्यक्ष शैलेष यादव, मन्त्री संजय कुमार यादव, राजेंद्र पाठक, प्रो0 रामप्रसाद तिवारी, शिवानन्द विश्वकर्मा, रामेश्वर विश्वकर्मा, मंगेश गुप्ता, प्रतीक सिंह, श्याम सुंदर यादव सहित काफी संख्या में अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे ।

मौन पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अरूण मिश्रा सम्मानित

तीन दिवसीय मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का समापन

प्रयागराज(आरएनएस)। अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क, राजकीय उद्यान, प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का समापन सोमवार को हुआ। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने भव्य पुष्प प्रदर्शनी के आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया। साथ ही मौन पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मौन पालक अरूण मिश्र को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि नारायण शहद उद्योग, अलोपीबाग के संचालक अरूण मिश्र करीब ढ़ाई दशक से मौन पालन कार्य से जुड़े हुए हैं। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता की शहद के लिए सात श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मुख्य अतिथि ने शील्ड और प्रत्येक वर्ग की शहद के प्रथम पुरस्कार के पारितोषिक के तौर पर तीन –तीन सौ रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की।अधीक्षक, राजकीय उद्यान, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज श्री उमेश चन्द्र उत्तम ने बताया कि इस प्रदर्शनी को कुल–26 भागों में विभक्त किया गया था। जिसमें कुल–370 प्रतियोगियों ने 1622 प्रविष्टियॉ प्रदर्शनी में लगायी। इसमें गमलों में मौसमी फूल, जैसे, जेरेनियम, फ्लाक्स, बरवीना, डहेलिया, कलेडुला, आदि शोभाकार एवं हरे–भरे पौधा,कैक्ट्स एवं सकुलेन्ट पौधे, गमलों में सब्जियों के पौध गुलाब व अन्य पुष्पों के कट फ्लावर, महिलाओं व बच्चों द्वारा निर्मित पुष्प विन्यासध्आकृतियॉ फलों के बने पदार्थ, बोनसाई, शहद, फोटोग्राफी व पेन्टिंग आदि की प्रतियोगितायें आयोजित की गयी।

श्री उत्तम ने बताया कि अरूण मिश्र मौन पालन के क्षेत्र में लम्बे अर्से से काम कर रहे हैं और प्रतियोगिता में उच्च गुणवत्ता की शहद के लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

बैलट पेपर से मतदान कराने के लिए की मांग

प्रयागराज(आरएनएस)। राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार भोजवाल आजाद ने लोकसभा का चुनाव बैलेट पेपर से चुनाव आयोग से कराए जाने की मांग की है। प्रतापगढ़ में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि चुनाव नजदीक है और निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा देना, संदेह के घेरे में आता है। जबकि गोयल का कार्यकाल 2027 तक है। इस समय किसी भी दशा में गोयल का इस्तीफा देना सही नही लगता है। राष्ट्रीय भारतीय अखण्ड पार्टी राष्ट्रपति, चुनाव आयोग एवं सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से देश हित में मांग करती है कि 2024 लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए बैलेट पेपर से चुनाव कराएं तथा चुनाव आयोग के निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की भी जांच की जाए। राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी चुनाव आयोग से यह भी मांग करती है जब तक बैलेट पेपर से चुनाव कराने की व्यवस्था न हो तब तक के लिए चुनाव टाल दिया जाए।

जिला बदर होने पर जमानत तोड़वाकर जेल चला गया माइकल

प्रयागराज(आरएनएस)। जिला बदर की कार्रवाई किए जाने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ का पूर्व महामंत्री अभिषेक सिंह माइकल जमानत तोड़वाकर पुराने मुकदमे में जेल चला गया। इससे कुछ दिनों पहले ही पुलिस ने उसके सलोरी स्थित आवास के बाहर डुगडुगी बजवाई थी। 22 फरवरी को माइकल के खिलाफ पुलिस आयुक्त न्यायालय ने जिला बदर की कर्रवाई की थी। उसे छह महीने के लिए जिला बदर किए जाने का आदेश सुनाया था। बताया जाता है कि पुलिस जिला बदर किए जाने का नोटिस तामील कराने उसके सलोरी स्थित आवास पर पहुंची तो वह सामने नहीं आया। पुलिस को बताया गया कि वह घर पर नहीं है। बचने के लिए उसने नोटिस भी किसी अन्य व्यक्ति से रिसीव कराई थी। इस मामले में पुलिस ने उसके घर के बाहर डुगडुगी बजवाई थी। सूत्रों का कहना है कि शिकंजा कसता देख वह 2018 के एक पुराने मुकदमे में जानत तोड़वाकर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर जेल चला गया।माइकल पर चार साल से कार्रवाई लंबित थी। अक्तूबर 2020 में कर्नलगंज पुलिस की चालानी रिपोर्ट पर अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने उसके खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की थी।

भोलेनाथ मां पार्वती के विवाह उपरांत प्रीतिभोज विशाल भंडारा आयोजित

प्रयागराज(आरएनएस)। महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान शिव की भव्य बारात और विवाह के उपरांत मम्फोर्डगंज में निगम चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें 15000 लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेई एव विशेष अतिथि महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कल्याणी नंद गिरी, केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा, अपना दल एस (अनुप्रिया पटेल) के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल उपस्थित रहे। विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी और विशाल भंडारे की प्रशंसा की और लोगों को अपने हाथों से भोजन परोसा।

राष्ट्रीय महामंत्री की गिरफ्तारी से नाराज अभाविप छात्रों ने फूंका पुतला

प्रयागराज(आरएनएस)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा आज छात्रसंघ भवन पर संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध आंदोलित अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल को गिरफ्तार करने पर ममता सरकार का पुतला फूंका गया। अभाविप ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भवपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है

तथा इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आई है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।